इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**पैसे बीमारी ठीक होने के**

उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।



तुलसी आयुर्वेदिक

चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव

मो.नं.-7566609039

हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक



# प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दिन भक्तों की भारी भीड़, लोगों को संभालने को प्रशासन को करनी पड़ी मशक्कत

आयोध्या। प्राण प्रतिष्ठा के बाद लाखों रामभक्त अपने आराध्य के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच गए। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इन्हें नियंत्रित करने के लिए खुद यहां आकर मोर्चा संभालना पड़ा। उन्होंने पहले हेलीकाप्टर से रामजन्मभूमि व राम पथ का हवाई सर्वेक्षण किया और फिर राम मंदिर पहुंचे। पब्लिक एड्रेस सिस्टम से श्रद्धालुओं को संबोधित कर धैर्य बनाए रखने की अपील की।

मंगलवार को सीएम योगी को प्रशासन और मीडिया के माध्यम से यह जानकारी मिली कि अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए अनुमान से बहुत ज्यादा संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए हैं। इसके बाद उन्होंने तत्काल प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार को रामनगरी में व्यवस्था को सुचारू करने का निर्देश देते हुए रवाना किया। दोपहर में यहां पहुंचे दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने कमिश्नर गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार और एसएसपी राजकरण नय्यर से भीड़ नियंत्रण के उपायों पर मंत्रणा कर आनन-फानन में उन्हें प्रभावी कराया। इसके बाद शाम सवा चार बजे के करीब खुद सीएम योगी भी रामनगरी पहुंच गए। पहले उन्होंने अयोध्या



**भारी भीड़ को देखते हुए सीएम योगी ने खुद संभाली कमान, लोगों से कहा- आपस में धक्का-मुक्की न करें**



धाम का हवाई सर्वेक्षण कर रामजन्मभूमि पथ और राम पथ पर मौजूद भीड़ का आंकलन किया। इसके बाद उनका हेलीकाप्टर साकेत कॉलेज में बनाए गए हेलीपैड पर उतरा। यहां से वह सीधे राम मंदिर परिसर पहुंचे। मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं को दर्शन कराने के लिए प्रभावी की गई व्यवस्था को परखा। प्रमुख सचिव गृह और डीजी एलओ से भी इस बारे में रिपोर्ट ली। साथ ही सभी रामभक्तों को बिना किसी अवरोध व व्यवधान के सुव्यवस्थित दर्शन कराने के निर्देश दिए। सीएम ने पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से राम मंदिर और अयोध्या धाम में मौजूद रामभक्तों को संबोधित भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रामलला के दर्शन के लिए यहां आए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत है। आप सभी धैर्य और संयम बनाए रखें। कोई भी हड़बड़ाए न, धक्का-मुक्की न करें। लाइन में लगकर प्रशासन और पुलिस के अनुरोध को स्वीकार करते हुए अपनी बारी का इंतजार करें। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रोकी गई अयोध्या जाने वाली सभी रोडवेज बसें, भारी भीड़ को देखते हुए लिया फैसला

अयोध्या में राम मंदिर की तरफ जाने वाले रास्तों को पांच किलोमीटर पहले बंद कर दिया गया है। इधर बाराबंकी और लखनऊ की तरफ से अयोध्या की तरफ जाने वाली बसें रोक दी गई हैं। अयोध्या राम मंदिर में भारी भीड़ को देखते हुए अयोध्या जाने वाली यूपी रोडवेज की सभी बसें रोक दी गई हैं। परिवहन निगम के महाप्रबंधक ऑपरेशन मनोज पुंडीर ने बताया कि अयोध्या जाने वाली सभी मार्ग कि बसों का संचालन बंद किया गया है। भीड़ कम होने पर इसकी समीक्षा की जाएगी। अयोध्या में मंदिर की ओर जाने वाले सभी रास्तों को चार से पांच किलोमीटर पहले ही बंद कर दिया गया है। सिर्फ पैदल यात्रियों को ही लाइन से पैदल जाने की अनुमति मिली है। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने यह फैसला लिया है। सुबह से भारी संख्या में लोग मंदिर के बाहर जमा हो गए थे। जिससे प्रशासन के सामने अव्यवस्था के हालात पैदा हो गए थे। परिवहन निगम के महाप्रबंधक ऑपरेशन मनोज पुंडीर ने बताया कि अयोध्या जाने वाली सभी मार्ग कि बसों का संचालन बंद किया गया है।

# अमित जोगी ज्वॉइन कर सकते हैं बीजेपी लोकसभा चुनाव लड़ने पर चर्चा



रायपुर। छत्तीसगढ़ के दिवंगत कांग्रेसी दिग्गज अजीत जोगी की पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी (जेसीसीजे) का जल्दी ही भाजपा में विलय होगा। अजीत जोगी के पुत्र और पार्टी अध्यक्ष अमित जोगी की गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात में विलय पर सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है। अमित को लोकसभा चुनाव का टिकट दिया जा सकता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा की योजना हिंदीपट्टी राज्यों में पुराना प्रदर्शन दोहराने की है। बीते चुनाव में पार्टी सहयोगियों के साथ हिंदी पट्टी के राज्यों की 90 फीसदी सीटें जीतने में सफल रही थी।

गौरतलब है कि कांग्रेस से अदावत के बाद दिवंगत अजीत जोगी ने 2016 में अलग पार्टी बनाई थी। साल 2018 के चुनाव में जोगी की पार्टी विधानसभा की पांच सीटें जीतने में कामयाब रही। हालांकि, बीते विधानसभा चुनाव में पार्टी खाता नहीं खोल पाई। अमित जोगी ने पाटन सीट पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल को चुनौती दी, हालांकि वह खुद तीसरे स्थान पर रहे। भाजपा की रणनीति बीते चुनाव के मुकाबले अधिक सीटें हासिल करने की है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मुंबई में मीरा रोड पर हुए बवाल पर शिंदे सरकार हुई सख्त, उपद्रवियों के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

मुंबई। मुंबई के उपनगरीय इलाके मीरा रोड में प्रशासन की ओर से अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया. बड़ी संख्या में मौजूद पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में इलाके में बुलडोजर की सहायता से कार्रवाई की गई. इस इलाके में अयोध्या के राम मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले और बाद में हिंसा देखी गई थी. मौके से सामने आए दृश्यों में रविवार शाम और सोमवार दोपहर को दो समूहों के लोगों को एक दूसरों पर पत्थर फेंकते देखा गया.

हिंसा उस वक्त भड़की जब मीरा रोड के नया नगर इलाके से श्री राम शोभा यात्रा गुजर रही थी. इस मामले में पुलिस ने सोमवार रात तक एक दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने सोमवार रात को पोस्ट किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था को बाधित करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा.



### आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए- फड़णवीस

अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने लिखा, मीरा-भायंदर के नया नगर इलाके में हुई घटना की पूरी जानकारी ली है. सोमवार सुबह 3.30 बजे तक मैं मीरा-भायंदर पुलिस कमिश्नर के साथ लगातार संपर्क में था. पुलिस को सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं. इस मामले में अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है. महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था को बाधित करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

### 13 संदिग्ध हमलवार गिरफ्तार

इस मामले में अब तक मुंबई पुलिस ने 13 संदिग्ध हमलावरों को गिरफ्तार किया है। 50 से 60 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बाकी आरोपियों की तलाश चल रही है। घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। कुछ सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लगे हैं। वायरल वीडियो और सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# खनिज ब्लाकों की नीलामी के लिए छत्तीसगढ़ को मिला द्वितीय बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड, सीएम साय ने अधिकारियों को दी बधाई



रायपुर। गैर कोयला मुख्य खनिज ब्लाकों की नीलामी के लिए छत्तीसगढ़ को देशभर में द्वितीय बेस्ट परफार्मेंस अवार्ड मिला है। भोपाल में आयोजित राज्य खनन मंत्री सम्मेलन में केंद्रीय कोयला व खान मंत्री प्रहलाद जोशी ने संयुक्त संचालक अनुराग दीवान व संजय कनकने को यह अवार्ड प्रदान किया।

इस दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अधिकारियों को बधाई दी है। प्रदेश में वर्ष 2015 उपरांत राज्य में ईआक्शन के माध्यम से कुल 35 आबंटित गैर कोयला मुख्य खनिज ब्लाकों में से 20 खनिज ब्लाकों का आबंटन वर्ष 2022-23 में किया गया है। इनमें दो चूनापत्थर, नौ लौह अयस्क, पांच बाक्साइट ब्लाक्स एवं दो निकल-क्रोमियम- (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# गृह मंत्रालय का संसद की सुरक्षा पर बड़ा फैसला, सीआईएसएफ की होगी जल्द तैनाती

नई दिल्ली। केंद्रीय औद्योगिकी सुरक्षा बल को संसद में तैनात किया जाएगा। इसके लिए 140 कर्मियों का परिचय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि पुराने और नए संसद भवन को सीआईएसएफ के सुरक्षा कवरेज के तहल लाने की योजना है। इसके अलावा संसद सुरक्षा सेवा, दिल्ली पुलिस और सीआरपीएफ का संसदीय ड्यूटी समूह संसद को सुरक्षा प्रदान करेगा।



### सीआईएसएफ संसद भवन की करेगी सुरक्षा

अधिकारियों ने कहा कि 31 जनवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र में संसद में सीआईएसएफ को तैनात किया जा सकता है। बजट सत्र के दौरान संसद के अंदर आने और जाने वाले गेट की सुरक्षा का जिम्मा सीआईएसएफ के कंधों पर होगा। सुरक्षा बल मेहमानों की सेफ्टी और फ्रिस्किंग का काम करेगी। इससे पहले पुलिस और पार्लियामेंट सिक्योरिटी से जुड़े कर्मचारी सुरक्षा के लिए तैनात रहते थे।

### पिछले साल संसद भवन में हुई थीं चूक

ये फैसला गृह मंत्रालय ने संसद सुरक्षा उल्लंघन के मद्देनजर लिया है। बता दें पिछले साल दिसंबर में संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई थी। दो लोग दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गए थे। फिर अपने जूतों से कैन निकालकर पीला रंग का धुआं छोड़ दिया था। सीआईएसएफ देशभर में 358 प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करता है। वहीं, वीआईपी सुरक्षा में लगा हुआ है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पहुचे रायपुर

रायपुर। राजधानी रायपुर में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आज से कोटा रोड गुढ़ियारी स्थित विवेकानंद विद्यापीठ के सामने बाबा का दिव्य दरबार लगेगा। इस कार्यक्रम के पहले शाम यानि सोमवार को 11 लाख 11 हजार 11 सौ दीप जलाकर प्रभुराम का कार्यक्रम स्थल पर स्वागत किया गया. इसमें भाग लेने के लिए रायपुर के चारों ओर से लोग आये। सभी ने भगवान राम के स्वागत में दिए जलाई. इस दीपोत्सव को रिकॉर्ड में भी शामिल कराने की तैयारी चल रही है। पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री राजधानी में आयोजित इस हनुमंत कथा के लिए रायपुर पहुंच गए है। भक्तों ने माना एयरपोर्ट पर उनका जोरदार स्वागत किया। पंडित शास्त्री राजधानी में 23 जनवरी से 27 जनवरी आयोजित हनुमंत कथा करेंगे। यह कार्यक्रम रायपुर के विवेकानंद विद्यापीठ के सामने, कोटा गुढ़ियारी में आयोजित है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)





**छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण हो रहा उसे रोकेंगे, यहां घर वापसी का अभियान चलाएंगे**

# भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के अतुलनीय योगदान का विनम्र सम्मान- मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश का सर्वोच्च सम्मान दिये जाने के निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह न केवल उनके अतुलनीय योगदान का विनम्र सम्मान है, बल्कि इससे समाज में समरसता को और बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी श्री ठाकुर को यह सम्मान दिये जाने को उनके देश के प्रति योगदान को सच्ची श्रद्धांजलि बताया है। श्री मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुझे इस बात की बहुत प्रसन्नता हो रही है कि भारत सरकार ने समाजिक न्याय के पुरोधा महान जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न से सम्मानित करने का निर्णय लिया है। उनकी जन्म-शताब्दी के अवसर पर यह निर्णय देशवासियों को गौरवान्वित करने वाला है। पिछड़ों और वंचितों के उत्थान के लिए कर्पूरी जी की अटूट प्रतिबद्धता और दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी है। यह भारत रत्न न केवल उनके अतुलनीय योगदान का विनम्र सम्मान है, बल्कि इससे समाज में समरसता को और बढ़ावा मिलेगा। श्री सिंह ने अपने संदेश में कहा, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और सामाजिक न्याय के जनक माने जाने वाले, जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को भारत सरकार द्वारा 'भारत रत्न' से सम्मानित किए जाने के निर्णय की मैं भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए हर्ष की अभिव्यक्ति करता हूँ।

कर्पूरी ठाकुर जी ने आजीवन समाज के गरीब एवं पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए काम किया। उनसे ही प्रेरणा लेते हुए मैंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अति पिछड़ा और अति दलित वर्ग के कल्याण के लिए आरक्षण की सुविधा देने का क़ानून बनाया था। कर्पूरीजी को भारत रत्न देने का निर्णय सामाजिक समरसता एवं गरीब (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# असम सीएम के आदेश पर राहुल गांधी पर एफआईआर दर्ज, भारत जोड़ो न्याय यात्रा भी रोकी

गुवाहाटी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम में भारी बवाल देखने को मिल रहा है। असम पुलिस ने राहुल गांधी की यात्रा को गुवाहाटी में प्रवेश करने से रोक दिया है। इतना ही नहीं असम में हिमंत बिस्वा सरमा सरकार ने आदेश पर राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। दरअसल, पुलिस ने इस यात्रा के साथ चल रहे करीब 5,000 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोका तो वह पुलिस से भिड़ गए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जोरदार झड़प हुई। इसके बाद असम सरकार और पुलिस ने यह कदम उठाया है। वहीं कांग्रेस पार्टी असम के सीएम पर हमला बोल रही है।

### सीएम हिमंत बोले- राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज करें एफआईआर

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने राहुल गांधी की यात्रा को लेकर पुलिस महानिदेशक को निदेश दिए है कि भीड़ को उकसाने को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। हिमंत बिस्वा ने अपने एक्स पर लिखा, ये असमिया संस्कृति का हिस्सा नहीं हैं। हम एक शांतिपूर्ण राज्य हैं। ऐसी नक्सली रणनीति हमारी संस्कृति से पूरी तरह अलग हैं। मैंने असम पुलिस के डीजीपी को निर्देश दिया है कि भीड़ को उकसाने को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज करने का निर्देश दिया है। अपने हैंडल पर पोस्ट किए गए फुटेज को सबूत के तौर पर इस्तेमाल करें। आपके अनियंत्रित व्यवहार और सहमत दिशानिर्देशों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप अब गुवाहाटी में बड़े पैमाने पर ट्रैफिक जाम हो गया है।



**बैरिकेड लगाकर यात्रा को रोकने पर राहुल बोले 'पीछे नहीं हटूंगा'**

### राहुल ने कल सड़क पर दिया था धरना

राहुल गांधी ने एक दिन पहले सोमवार को गुवाहाटी के पास वैष्णव संत श्रीमंत शंकरदेव के जन्मस्थान का दौरा करने की योजना बनाई थी। योजना की घोषणा के तुरंत बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने राहुल से आग्रह किया कि वे अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले मंदिर का दौरा न करें। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सहित कई नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

रायपुर। लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही प्रदेश में सियासी सरगर्मी तेज हो चुकी है। चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। आप के बड़े पदाधिकारियों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। जानकारी के मुताबिक ये सभी नेता आप के आइएनडीआइए गठबंधन में शामिल होने से नाराज चल रहे थे। इन सभी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर के सक्षम पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद सुनील सोनी, चुन्नी लाल साहू, भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर, कार्यक्रम अध्यक्ष शिवरतन शर्मा उपस्थित थे।





### भारत को वापस सोने की चिड़िया बनाएगी भाजपा- माथुर

नए सदस्यों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि राष्ट्र निर्माण का रास्ता चुनने पर आप सभी को बधाई। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। राष्ट्र को अगर वापस सोने की चिड़िया बनाना है तो वह भाजपा बनाएगी। भगवान राम को लेकर जारी सियासत को लेकर ओम माथुर ने कहा कि, राम भाजपा के नहीं बल्कि पूरे विश्व के हैं। जिन्होंने राम का अपमान किया है उनसे मैं कहना चाहता हूं कि इस बार हम 400 नहीं बल्कि उसके पार जाएंगे। छत्तीसगढ़ में 2023 में इतिहास बदला है, लोकसभा चुनाव में हम सब मिलकर 11 कमल के फूल मोदी जी को भेजेंगे। जिन लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली है, उनमें आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश मिरी, आप यूथ विंग के प्रदेशाध्यक्ष रहे रविंद सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रहे कमलकांत साहू, आप के प्रदेश सचिव रहे विशाल केलकर शामिल है। वहीं अखंड लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष विनोद पटेल ने अपनी पार्टी का भाजपा में विलय किया है।

### विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार

बतादें कि छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। इस विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 53 उम्मीदवारों को चुनावी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस में होगी शामिल



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू 24 जनवरी को भारत की राजधानी नई दिल्ली के लिए प्रस्थान (रवाना) होगी। अध्यक्ष गीता घासी साहू नई दिल्ली में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित नेशनल परेड कार्यक्रम में शामिल होगी और 28 जनवरी को वह अपने निज निवास राजनांदगांव वापसी करेगी।

### शिविर लगाकर परिवहन विभाग द्वारा बनाया जा रहा लायसेंस

**जिले में ब्लॉक स्पॉट का किया जाएगा चिन्हांकन, परिवहन विभाग द्वारा वाहन चालकों 26 और 27 को दिया जाएगा प्रशिक्षण**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत 15 जनवरी से 14 फरवरी 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। संयुक्त कलेक्टर एवं परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि 26 जनवरी और 27 जनवरी को परिवहन अधिकारी कार्यालय में वाहन चालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसके साथ लर्निंग लायसेंस भी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के ब्लॉक स्पॉट का चिन्हांकन यातायात विभाग, परिवहन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। उन्होंने सभी जनसामान्य से गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट और दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की अपील की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतर्गत लायसेंस कैम्प का आयोजन परिवहन विभाग द्वारा किया गया। यह कैम्प एक सप्ताह तक चलाया जाएगा। इस कैम्प में बड़ी संख्या में लोगों ने लायसेंस बनाया। शिविर में वाहन चालक और कन्डेक्टर का भी लायसेंस बनाया जा रहा है।

### अंशकालीन योग, खेल शिक्षक-प्रशिक्षक के लिए 30 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार पीएमश्री योजना अंतर्गत जिले के कुल 7 प्राथमिक शालाओं में अंशकालीन योग, खेल शिक्षक-प्रशिक्षक की सेवाएं ली जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अंशकालीन योग, खेल शिक्षक-प्रशिक्षक के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदकों से 30 जनवरी शाम 5 बजे तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है।

इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक शारीरिक शिक्षा डिग्री या शारीरिक शिक्षा संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री तथा योग प्रशिक्षक हेतु योग से संबंधित प्रमाण पत्र अथवा समकक्ष योग्यता प्राप्त एवं पूर्व में योग प्रशिक्षण व योग सीखाने का अनुभव चाही गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कक्ष क्रमांक 112 राजनांदगांव से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

### आईटीआई राजनांदगांव में 30 एवं 31 जनवरी को प्लेसमेंट कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में मेसर्स मैसर्स स्ट्रूराइट मेटल बिल्डिंग सिस्टम (यूनिट-2) केएच नंबर 1537 इंडस्ट्रीयल ग्रोथ बोराई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ द्वारा 30 एवं 31 जनवरी को सुबह 9 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

प्राचार्य आईटीआई राजनांदगांव ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में व्यवसाय फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर (कोपा), मैकेनिक डीजल और अधिकारिक ट्रेडों के अलावा गैस कटर, रिगर, सुपरवाईजर से संबंधित इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ सम्मिलित हो सकते हैं।

### शिव कुमार निर्वाणी का निधन



राजनांदगांव (दावा)। आप सभी को अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जा रहा हैं कि तुलसीपुर निवासी शिव कुमार निर्वाणी का आकस्मिक निधन आज हो गया है। जिनका अंत्येष्ठी कार्यक्रम आज दिनांक 24 जनवरी को रखा गया हैं। अंतिम यात्रा निज निवास तुलसीपुर राजनांदगांव से सुबह 10 बजे निकाली जायेगी। भगवान उनकी मृत आत्मा को शान्ति दे एवं अपने चरणों में स्थान दे।

---

**प्रचलित राशन कार्डों का नवीनीकरण 25 जनवरी से**

## कलेक्टर ने नवीनीकरण के बाद राशनकार्डो का वितरण 29 फरवरी तक करने के दिए निर्देश, आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी तक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डो का नवीनीकरण अभियान 25 जनवरी से प्रारंभ किया जा रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जारी सभी राशनकार्डों में शामिल सदस्यों के नवीनीकरण की कार्यवाही 29 फरवरी तक किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के खण्ड 4 (6) के प्रावधान अनुसार राशनकार्ड का नवीनीकरण प्रत्येक 5 वर्ष में छत्तीसगढ़ राशन कार्ड नियम 2016 के प्रावधानों के अनुसार किये जाने के निर्देश शासन से प्राप्त हुए हैं। राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए हितग्राही द्वारा आवेदन 25 जनवरी से 15 फरवरी तक लिया जाएगा। नवीनीकरण के पश्चात राशनकार्डो का वितरण 1 फरवरी से 29 फरवरी तक किया जाएगा। राशनकार्ड नवीनीकरण अवधि में सभी राशनकार्डधारियों को पात्रतानुसार राशन सामग्री का वितरण किया जाएगा। राशनकार्ड का वितरण स्थानीय निकायों द्वारा सामान्य राशनकार्डो को छोड़कर शेष सभी नवीनीकृत राशनकार्ड निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा। सामान्य राशनकार्ड 10 रूपए प्रति कार्ड की राशि सहित हितग्राही द्वारा प्रदाय की जाएगी।

#### राशनकार्ड नवीनीकरण की प्रक्रिया

राशनकार्डधारियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए राशनकार्डो के समयबद्ध नवीनीकरण के लिए आवेदनों की प्राप्ति खाद्य विभाग द्वारा तैयार एप्प के जरिये की जाएगी। यह एप्प हितग्राही द्वारा अपने मोबाईल में अथवा उचित मूल्य दुकानों में संधारित टैबलेट अथवा दुकान संचालक के पंजीकृत एंड्रायड मोबाईल में डाउनलोड कर इसके जरिये आवेदन की प्रस्तुति की जा सकेगी। राशनकार्ड का नवीनीकरण का आवेदन खाद्य विभाग द्वारा तैयार एप्प के माध्यम से किया गया है। यह एप्प हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाईट https://khadya.cg.nic.in से डाउनलोड किया जा सकेगा। राशनकार्डधारी द्वारा अपने एंड्रायड मोबाईल फोन में स्वयं खाद्य विभाग के एप्प को डाउनलोड करने के उपरांत इसके जरिये राशनकार्ड के प्रथम पृष्ठ में पूर्व से उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

राशनकार्ड के क्यूआर कोड को स्कैन करते ही राशनकार्ड नंबर मुखिया का नाम, पति या पिता का नाम, लिंग, आयु, राशनकार्ड का प्रकार, उचित मूल्य दुकान का क्रमांक तथा राशनकार्ड में दर्ज समस्त सदस्यों की जानकारी सहित इनके ई-केवायसी की स्थिति एप्प के जरिये विभागीय डेटाबेस से तत्काल प्रदर्शित हो जाएगी। हितग्राही के राशनकार्ड में शामिल पीडीएफ में क्यूआर कोड अपठनीय होने की स्थिति में हितग्राही द्वारा अपने राशनकार्ड क्रमांक तथा मोबाईल नंबर को एप्प में दर्ज किया जा सकेगा तथा उसके द्वारा दर्ज मोबाईल नंबर एवं राशनकार्ड में दर्ज मोबाईल नंबर समान होने की स्थिति में नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा।



राशनकार्ड नवीनीकरण अवधि में सभी राशनकार्डधारियों को पात्रतानुसार मिलेगा राशन सामग्री

#### नवीनीकरण हेतु ई-केवाईसी अनिवार्य

वर्तमान में सभी राशनकार्डधारी सदस्यों के ई-केवायसी की कार्यवाही प्रचलित है। शासन कार्ड में शामिल मुखिया अथवा परिवार के किसी भी सदस्य के ई-केवायसी का कार्य पूर्ण होने की स्थिति में आवेदक एप्प द्वारा प्रदर्शित नवीनीकरण हेतु आवेदन के बटन को क्लिक कर आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। यह कार्यवाही पूर्ण होते ही एप्प के जरिये आवेदक को उसके आवेदन को सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने संबंधी जानकारी तथा 30 दिवस के भीतर नवीनीकृत राशन कार्ड जारी होने संबंधी सूचना प्राप्त हो जाएगी। शेष आगामी कार्यवाही वर्तमान में राशन कार्ड जारी करने हेतु प्रक्रिया के अनुसार पीडीएफ निर्माण, राशनकार्ड में प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर के उपरांत नवीनीकृत राशनकार्ड जारी किया जाएगा।

#### दुकान संचालक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुति की प्रक्रिया

सर्वप्रथम उचित मूल्य दुकान संचालकों को खाद्य विभाग के मोबाईल एप्प को अपने टेबलेट में डाउनलोड कर अपनी दुकान की आईडी को पंजीकृत करना होगा। जिसके लिए दुकान संचालकों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर में ओटीपी नंबर भेजकर सत्यापन किया जाएगा। उचित मूल्य दुकान संचालक के सफलतापूर्वक पंजीयन के उपरांत उसके दुकान से संलग्न सभी राशनकार्डधारियों तथा इसमें शामिल सदस्यों की जानकारी नवीनीकरण हेतु उपलब्ध हो जाएगी। दुकान संचालक द्वारा उपरोक्त कार्यवाही नेटवर्क कनेक्टिविटी वाले क्षेत्र में ही किया जा सकेगा। हितग्राही के राशनकार्ड में शामिल पीडीएफ में क्यूआर कोड अपठनीय होने की स्थिति में दुकान संचालक हितग्राही के राशनकार्ड क्रमांक एवं हितग्राही के विभागीय डेटाबेस में दर्ज मोबाईल को एप्प में दर्ज कर भी आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा। किन्तु ऐसी स्थिति में हितग्राही से राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु संचालक खाद्य द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र की लिखित प्रति दुकान संचालक द्वारा प्राप्त की जाएगी तथा प्राप्त लिखित आवेदन नवीनीकरण की आगामी कार्यवाही हेतु संबधित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में जमा की जाएगी तथा इन आवेदनों की प्राप्ति उपरांत ही छत्तीसगढ़ राशनकार्ड नियम 2016 के अंतर्गत कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा राशनकार्ड नवीनीकरण तथा पीडीएफ प्रिंट करने की कार्यवाही की जाएगी।

---

## राममय हुआ गौरव ग्राम घुमका

घुमका (दावा)। घुमका में धर्मरक्षा संघ के द्वारा रामलला का शोभायात्रा भगवा रंग के साथ और मातृत्व शक्ति के सहित भव्य रैली बाजे गाजे के साथ शीप मंदिर से शीतला मंदिर देवरीडीह, शीतला मंदिर एवं हनुमान जी की मंदिर में सुन्दरकांड का सामूहिक पाठ किया उसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया।



धर्मरक्षा संघ के उपाध्यक्ष (छ.ग.) देवेन्द्र सिंह चंदेल, संयोजक अनिल सिंह चंदेल, दीपक शर्मा, बुद्धेश्वर प्रसाद दुबे (दाऊलाल), गौरव शर्मा, इन्द्रजित सिंह, आर्य मानसिंह, ईश्वरी निर्मलकार, राजू बघेल, हानिष्क सिंह, राजा साहू, किशोर साहू, गगन, दिनेश पाल, दिलीप मासूल एवं सैकड़ों ग्रामीण कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़े।

## जनदर्शन में जनसामान्य अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उम्मीद लेकर पहुंच रहे कलेक्टोरेट

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं तन्मयतापूर्वक सुनी और अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से जनसामान्य अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बहुत उम्मीद से कलेक्टोरेट आते हैं। वे अपने अन्य कार्य छोड़कर यहां पहुंच रहे हैं।

शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके, इसके लिए सभी अधिकारी अच्छा कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनदर्शन के आवेदनों को व्यक्तिगत तौर पर ध्यान देते हुए निराकरण करें। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।



**○ कलेक्टर ने जनदर्शन में तन्मयता से सुनी नागरिकों की समस्याएं**
**○ अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश**

श्रीमती खोमेश्वरी साहू ने राशन कार्ड बनाने में आ रही तकनीकी दिक्कत के लिए श्रीमती ईश्वरी बाई निषाद ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवासीय भूमि प्रदान करने के लिए, श्रीमती मनीषा बाई नायक ने विधवा पेंशन दिलाने, घनश्याम साहू द्वारा जानकारी के अभाव में रकबा समर्पण पुनः अनलॉक करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। वहीं भूपेन्द्र कुमार ने रोजगार सहायता प्रदान करने, श्रीमती केशरी बाई, श्रीमती पुष्पा वैष्णव तथा श्रीमती सुमन ने प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कैलाश धाम से निकली विशाल कलश यात्रा



राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव अवसर पर कैलाश धाम शांतिनगर चिखली से विशाल कलश यात्रा निकाली गई। धूमधाम से निकाली गई भव्य कलश यात्रा निकाली बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियों शामिल थी । बाजे गाजे के साथ निकाली गई इस भव्य कलशयात्रा का आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण हुआ जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति बनी रही। यह जानकारी मंदिर सदस्य आशुतोष लारिया ने दी है।

## 26 जनवरी को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 26 जनवरी दिन शुक्रवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

## महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा 23 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा 23 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. के.एल.टांडेकर निर्देशन में तथा समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से मानव मंदिर चौक तक रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से नागरिकों को मतदान हेतु जागरूक करने का प्रयास किया गया। विभिन्न स्लोगन के माध्यम से नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया गया। उक्त रैली में समाज कार्य विभाग के विद्यार्थी एवं अतिथि प्राध्यापक सुश्री तारिणी साहू एवं श्रीमती शालिनी सोनी उपस्थित रहे।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-4-8
300-3 269-7
राजधानी
2-3-5
178-6 789-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**NAME CHANGE**

I MONCY VARGHESE W/O MR. ANAND ALEX VARGHESE RESIDENT OF H.NO.72/16 BALDEV BAGH, WARD NO.16, ANAND BHAVAN, RAJNANDGAON (C.G.) 491441. PREVIOUSLY I WAS KNOWN AS MONCY L VARGHESE W/O MR.ANAND ALEX VARGHESE.

I WOULD LIKE TO INFORM AND REQUEST EVERYONE THAT NOW I WILL BE RECOGNIZE BY MY NEW NAME MONCY VARGHESE W/O MR.ANAND ALEX VARGHESE.

MONCY VARGHESE
W/O MR.ANAND ALEX VARGHESE.
H.NO.72/16 BALDEV BAGH, WARD NO.16, ANAND BHAVAN, RAJNANDGAON (C.G.)

**dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में**

आज अंतिम दिन, रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

श्री सांई गुरू फिल्म प्राडक्शन कृत

**माटी पुत्र**

(छत्तीसगढ़ी भाषा में)

कलाकार - शिवा साहू, मुस्कान साहू, क्रांति दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजली चौहान आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

**SILVER SCREEN Multiplex**

19th Jan to 25th Jan 2024




Main Atal Hoon - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm

6 9 5 - 12:00, 06:00 and 09:15 pm

Tahi Banbe Mor Dulhaniya (Chhattisgarhi) - 12:15, 03:15 and 06:15 pm

Hanu-man - 03:00 and 09:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202401093700031 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन कुमार देशलहरे आ. तुलाराम देशलहरे एवं अन्य, निवासी-बैगापारा, लखोली, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला लखोली स्थित शीट क्रमांक 77 सी, भूखण्ड क्रमांक-12/1, क्षेत्रफल 141.00 वर्गमीटर धारक तुलाराम आ. दाऊलाल सतनामी, निवासी-लखोली राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि पर पंजीकृत दान-पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि/ मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 05.02.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव**

**ईश्तहार**

क्र./ /प्रवा.-3/अ.वि.अ. /2023
राजनांदगाव, दिनांक 12/01/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका निर्मला वर्मा पति मोहित कुमार वर्मा, निवासी वार्ड नं. 2, बजरंगपुर नवागांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा ग्राम बजरंगपुर नवागांव, प.ह.नं. 35, खसरा नंबर 123/162 रकबा 0.0240 हेक्टेयर, कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा-59 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/ आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 12/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

राजस्व मामला क्रमांक 202401093700032 अ-6 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेखा राजपूत ध.पं. दलजीत सिंह राजपूत, निवासी-स्टेशनपारा वार्ड नं. 12, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव के मोहल्ला स्टेशनपारा स्थित शीट क्रमांक 45 डी, भूखण्ड क्रमांक-12/1, क्षेत्रफल 45.64 वर्गमीटर धारक दीपक मानेकर आ. स्व. रामाराव मानेकर, निवासी-स्टेशनपारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि पर पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते हैं, पेशी तारीख 07.02.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा. मा. क्रं.................
अ-20 (1) वर्ष 2023-24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अजय ज्ञानचंदानी आ. बिसनदास ज्ञानचंदानी द्वारा राजनांदगांव के ग्राम/मोहल्ला.......... प.ह.नं./शीट क्रमांक.........खसरा नंबर/भूखण्ड क्रमांक 232/151 रकबा 275156 व. फूट में से 166 वर्गफुट अतिक्रमित शासकीय भूमि का भूमिस्वामी हक में व्यवस्थापन किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त आवेदित भूमि को अतिक्रमित शासकीय भूमि को आवेदक के नाम भूमिस्वामी हक में व्यवस्थापन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24/01/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 07/02/02024

**नजूल अधिकारी, राजनांदगांव**

**कार्यालय नगर पंचायत छुरिया, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

Phone No. 07745-264263 email:-npchuriya@gmail.com

क्रमांक /1060/लो.नि.वि./न.पं./2023-24 छुरिया, दिनांक 22/01/2024

**// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद् द्वारा नगर पंचातय छुरिया में निम्न उल्लेखित कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत से ठेकेदारों/विक्रेता/एजेंसी से मैनुअल निविदा दर आमंत्रित किया जाता है:-

| क्रं. | कार्य का नाम | राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन व प्रदाय करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | वार्ड क्रं. 13 कब्रिस्तान में रोड निर्माण कार्य। | 2.50 | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 06/02/2024 शाम 4.00 बजे तक तथा निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि 07/02/2024 शाम 4.00 बजे तक |
| 2 | वार्ड क्रं. 01 उद्यान हेतु खेलकूद सामग्री क्रय। | 2.50 | |
| 3 | वार्ड क्रं. 08 उद्यान हेतु खेलकूद सामग्री क्रय। | 2.50 | |
| 4 | वार्ड क्रं. 12 भवन हेतु स्टील चेयर सामग्री क्रय। | 2.50 | |
| 5 | वार्ड क्रं. 13 उद्यान हेतु खेलकूद सामग्री क्रय। | 2.50 | |
| 6 | वार्ड क्रं. 13 उद्यान हेतु गार्डन चेयर सामग्री क्रय। | 1.00 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पंचायत छुरिया से प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत, छुरिया**

# बेमौसम बारिश से कई स्थानों में खरीदी बंद

राजनांदगांव (दावा)। बंगाल की खाड़ी में बनी सिस्टम की वजह से प्रदेश सहित जिले के कई स्थानों में हल्की से लेकर मध्यम स्तर के बारिश का माहौल बना हुआ है। बेमेतरा में अच्छी खासी बारिश होने के समाचार है वही राजनांदगांव जिले में सोमवार की सुबह हल्की बारिश हुई, वही शनिवार की शाम भी कुछ देर तक हल्की-फुल्की बारिश हुई। जिले में बारिश के बने हालात और मौसम की खराबी की वजह से कई स्थानों पर ध्यान खरीदी बंद कर दिया गया है।

खरीदी बंद के ज्यादातर समाचार डोंगरगढ़ ब्लाक के सुनने मिल रहे है। गंडई ब्लॉक के हनईबन, बरबसपुर लीमो आदि जगहों में मौसम खराब होने की वजह से धान खरीदी बंद रहा। सहकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि मौसम की खराबी की वजह से बोरतलाव क्षेत्र में खरीदी बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बारिश पानी की स्थिति बनने से हालांकि धान भीगे नहीं है। लेकिन ज्यादा बारिश होने से धान भीगने की संभावना बनी हुई है।

उन्होंने बताया कि धान को ढंककर रखने के लिए तारपोलिन की व्यवस्था है लेकिन पर्याप्त रूप से परिवहन नहीं होने की वजह से जाम धान को भीगने से इंकार नहीं किया जा सकता। इससे धान को आंशिक तौर पर नुकसान पहुंच सकता हैं।




### छुट्टियों में नहीं होगी खरीदी

बता दे कि गत वर्ष के एक नवंबर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुरू की गई है वही खरीदी की अंतिम तारीख 31 दिसम्बर तय किया गया है। चालू वर्ष में इस साल धान खरीदी का लक्ष्य 65 लाख क्विंटल रखा गया है लेकिन सरकार बदलने पर धान खरीदी की मात्रा व क्विंटल पीछे राशि बढ़ा दिए जाने की वजह से केन्द्रों में अब भी धान की बम्पर आवंक हो रही है। बताया गया कि लेकिन जिस प्रकार धान की आवक हो रही है उस हिसाब से उठाव नहीं हो रहा। परिवहन व्यवस्था कछुए की तरह चल रही है। कही कही तो परिवहन ही बंद कर दिया गया है।

इधर कल 25 जनवरी को प्रदेश का लोक पर्व छेर छेरा की छुट्टी उसके बाद 26 जनवरी गणतंत्र दिवस तदुपरांत शनि व रवि को शासकीय अवकाश रहने पर सिर्फ 29, 30 व 31 तारीख ही खरीदी के लिए शेष बचा रह जाएगा। अब जब खरीदी की अंतिम तिथि के लिए सिर्फ चार दिन शेष है तब अनुमान से ज्यादा बने हुए लक्ष्य की प्राप्ति की जाने में संदेह उत्पन्न हो रहा है। हालांकि कहा जा रहा है कि अब तक 90% धान की खरीदी हो चुकी है, लेकिन बेमौसम बारिश व शासकीय अवकाश के चलते खरीदी नहीं होने से कैसे कहा जा सकता है कि लक्ष्य की प्राप्ति कर ली जाएगी?

**0 मात्र तीन दिन बचे धान खरीदी के, 90 प्रतिशत हो चुकी खरीदी**
**0 उठाव बना हुआ है कमजोर, बारिश में भीग सकते है धान**

### लचर परिवहन व्यवस्था

जिले में अब तक 2.39 लाख किसानों में से 2.13 लाख किसान धान बेच चुके हैं। वहीं इन किसानों से 117.71 लाख धान की खरीदी की जा चुकी है वहीं परिवहन 76.64 लाख का हुआ है। इस बार मार्कफेड द्वारा समितियों के माध्यम से 75 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा है जो बचे हुए सिर्फ चार दिनों में पूरा होना मुश्किल प्रतीत हो रहा है।

वहीं सुरगी-सोमनी, ढाबा, सिंघोला, तेन्दूनाला, तिलईखार, तुमड़ीबोड सहित अन्य समितियों में हजारों कट्टा धान जाम होने की वजह से इसका उठाव किया जाना भी चुनौती बनी हुई है। जबकि कहा गया था कि अवकाश के दिनों में भी परिवहन होगा जबकि ऐसा होता नहीं दिखाई दे रहा है।

### धान खरीदी पर एक नजर

जिला सहकारी बैंक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले के 1191188 किसानों से अब तक 6608351.20 क्विंटल धान खरीदे जा चुके है। जबकि परिवहन मात्र 4813691.40 क्विंटल का हुआ है। इसी तरह केसीजी जिले में 62521 किसानों से 3602582.80 क्विंटल धान खरीदी गया है। यहां परिवहन 2383161.20 क्विंटल का हुआ। एमएमसी जिले में धान की खरीदी व परिवहन काफी पीछे रहा। यहां 37131 किसानों से 1955206 क्विंटल धान खरीदा गया वही परिवहन 1008165.01 क्विंटल का हुआ है।

इस हिसाब से देखा जाएगा तो अभी लगभग 10 हजार और किसानों से धान खरीदी किया जाना शेष है। 31 जनवरी तक इन शेष किसानों से धान का खरीदी नहीं की गई तो जहां खरीदी बंद है वहां से 31 तारीख के बाद भी खरीदी चालू रखे जाने की बात सामने आ रही है।

## शीत लहर की बनी स्थिति अलाव तापने की आ रही नौबत



राजनांदगांव (दावा)। मौसम में इन दिनों लगातार परिवर्तन का दौर बना हुआ है। आसमान में सप्ताह भर से बादलों का झूण्ड दिखाई देने से सूरज के साथ इसका लुका-छिपी का खेल जारी है। कभी कभी तो सूर्य देवता दर्शन भी नहीं दे पाते। रविवार की सुबह आसमान में छाए बादल बरस पड़े। इसके एक दिन पहले शनिवार की शाम छननी की तरह हल्की बारिश भी रही थी। मंगलवार की देर शाम भी कुछ देर तक अच्छी बारिश हुई। इससे मौसम में ठंडकता बढ़ गई है। आसमान में बादल छाने व बदली बारिश का मौसम बनने की वजह बंगाल की खाड़ी में नमी आने को बताया जा रहा है। इस नमी के चलते वातावरण में शीत लहर भी स्थिति बन आई है। लोग नमी युक्त हवा चलने के कारण ठंड से कांपने लगे है। इसके चलते घरों में हीटर चलाने व बाहर में अलाव तापते की स्थिति निर्मित हो गई है। शहर के जयस्तंभ चौक, जूनी हटरी, तिराह स्टेशन रोड जिला हास्पिटल परिसर क्षेत्र दोनों बस स्टैण्ड, पोस्ट आफिस चौक व अन्यान्य जगहों में अलाव जलने लगे है। जहां लोगों को दिन में भी अलाव तापते देखा जा सकता है।

**0 जगह-जगह जलने लगे अलाव, गर्म कपड़ों की मांग बढ़ी**
**0 तीन-चार दिनों तक मौसम ऐसे ही रहने का अनुमान**

### 0 गर्म कपड़ो की बढ़ी मांग

ठंड में अचानक और भी इजाफा होने से एक बार फिर गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। बता दे कि पखवाड़े भर पहले ठंड बिल्कुल कमजोर हो गया था। इसके बाद लोगों ने गर्म कपड़े अपने घरों में सहेज कर रख दिए थे। बाहर से गर्म कपड़े बेचने आने वाले अपने डोरे-डंगले समेट लिए थे। अब अचानक फिर से ठंड बढ़ने से फ्लाई ओवर के नीचे व बूढ़ा सागर के किनारे फिर से गर्म कपड़ों की दुकाने सजने लगी है। जहा पर गर्म कपड़ों की खरीदारी करते लोग को देखा जा सकता है। तापमान नीचे आने के कारण तापमापी का पारा 24.7 सेटी ग्रेड दिखा रहा है।

स्वास्थ्य पर विपरीत असर

मौसम में लगातार परिवर्तन आने की वजह से इसका विपरीत असर लोगों के स्वास्थ्य पर दिखने लगा है। वहीं दिन में शीत लहर जैसी स्थिति बनने के कारण दिनचर्चा भी प्रभावित हो रही है। ज्यादातर लोग सर्दी खांसी सहित वायरल फीवर सहित पेट सम्बंधी रोगों से पीड़ित हो रहे है। जिला चिकित्सालय बसंतपुर के अलावा पेंड्री स्थित मेडिकल कालेज हास्पिटल व निजी हास्पिटलों सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज के लिए प्रति दिन बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि दक्षिण की ओर से नमी युक्त हवा आने के कारण अभी दो तीन दिनों तक वातावरण में ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है तथा उन्होंने कही-कही बारिश होने का अनुमान भी जताया है।

## श्री राम लला प्राण-प्रतिष्ठा के दिन शहर में जन्मे राम-लक्ष्मण जुड़वा बच्चे

राजनांदगांव(दावा)। अयोध्या में श्री राम लला प्राण-प्रतिष्ठा वाले शुभ मुहूर्त के दिन सोमवार 22 जनवरी को शहर के मुख्य हास्पिटल व नर्सिंग होम में कुल 16 बच्चों ने जन्म लिया। इसमें से एक महिला ने जुड़वां बच्चे को जन्म दिया । भगवान श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के दिन तोरणकट्टा निवासी रामेश्वरी साहू के जुड़वा बच्चे को जन्म देने से उनके घर परिवार में खुशियां छा गई है। बताया जाता है कि उन बच्चों का नाम राम-लक्ष्मण रखा गया है।

बता दे कि 500 साल के अथक संघर्ष के बाद सनातन धर्मियों के अराध्य देवता मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम को उनके बाल स्वरूप में 22 जनवरी सोमवार के दिन अयोध्या नगरी में भव्य दिव्य एवं नव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई है। इसे सबसे सर्वोत्तम व शुभ दिन मानकर की गर्भवती महिलाएं अपने बच्चे को इस दिन तिथि व समय विशेष पर जन्म देना चाहती थी। कई गर्भवती महिलाएं तो 9 माह पूरी नहीं होने के बावजूद आपरेशन करवा कर 22 जनवरी को ही नियत समय पर बच्चा जनने के लिए डाक्टरों से डेट तय कर लिया था। इस पवित्र दिन माताएं अपने बच्चे को जन्म देना शुभ मान रही थी। देश में इस दिन संभव है कि 12 बजे अभिजीत मुहुर्त में कई गर्भवती महिलाएं अपने फूल से बच्चे को जन्म दी होगी और भगवान श्री राम लला के रूप में उसका मुंह देखकर निहाल हो गई होगी। उनके परिवार में खुशियों का आलम होगा।



**0 पेंड्री व बसंतपुर हास्पिटल सहित पारख व कुमुद नर्सिंग होम में कुल 16 बच्चों ने लिया जन्म**

### राम-सीता पर रखे जाएंगे नाम

हालांकि शहर के भदौरिया नर्सिंग होम में सोमवार 22 जनवरी के दिन एक भी बच्चे की डिलवरी नहीं हुई, वही पारख नर्सिंग होम में बांधा बाजार व मुंजाल की महिलाओं ने दो बच्चों को जन्म दिया। इसी तरह मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल पांच बच्चों ने जन्म लिया। जिला हास्पिटल बसंतपुर में तीन बच्च पैदा हुए। उपरोक्त स्थानों में जन्म लिए बच्चों में लड़कों के साथ लड़कियां भी है। बताया जा रहा है कि सोमवार के दिन शुभ मुहूर्त में जन्म लिए लड़कों के नाम जहां भगवान श्री राम के नाम पर रखे जाएंगे वही लड़कियों का नाम मां सीता या उसके पर्यायवाची नाम जानकी, वैदेही, जान्हवी आदि रखे जाएंगे।

### जुड़वा बच्चे का जन्म

प्रसूति के लिए शहर में बहुत सारे नर्सिंग होम व हास्पिटल है लेकिन प्रमुख हास्पिटल एवं नर्सिंग होम में शुमार उपरोक्त हास्पिटलों सहित बल्देव बाग रोड स्थित कुमुद महोबे नर्सिंग होम में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के दिन कुल सात बच्चों ने जन्म लिया। इसमें से एक महिला द्वारा जन्म दिए जुड़वा बच्चा भी है। कुमुद महोबे हास्पिटल के व्यवस्थापक अशोक महोबे ने बताया कि तोरण कट्टा निवासी महिला रामेश्वरी साहू पति रूपेन्द्र कुमार साहू, महिला ने श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दिन जुड़वा बच्चों को जन्म दिया है जो कि एक प्रकार का शुभ संयोग है।

## कॉलेज के क्वार्टर में गाय पालनें बाबत शिकायत

राजनांदगांव (दावा)। मिनीमाता शासकीय कन्या पोलिटेकनिक कॉलेज राजनांदगांव के क्वार्टर में निवासरत कर्मचारियों ने शिकायत की है कि शत्रुहन लाल कोसमें में लगभग 18-20 गायों का पालन कर रखा है और उनके द्वारा गायों को खुला छोड़ दिया जाता है और गायों द्वारा आये दिन क्वार्टर में आंगन में आकर सुखाये गये अनाज दाल गेहूं आदि को खा देता है जिससे आस- पास के सभी क्वार्टर में रहने वालों के घर में गायों के अचानक घुस जाने से काफी छति व नुकसान होता है। उनके द्वारा गायों का पालन करने से नुकसान पहुंचाने के संबंध में मौखिक रूप से मिनीमाता शासकीय कन्या पोलिटेकनिक कॉलेज राजनांदगांव के प्राचार्य महोदय को जानकारी दिया गया है। हमारे द्वारा दिये गये जानकारी के आधार पर पूर्व प्राचार्य साहू जी द्वारा लिखित में शत्रुहन लाल सूचित किया गया था। जिस पर शत्रुहन लाल कोसमें द्वारा प्राचार्य महोदय के सूचना का अवहेलना किया गया। इस प्रकार शत्रुहन लाल कोसमें के द्वारा गायों को पालकर व्यवसाय किया जा रहा है। शत्रुहन लाल कोसमें द्वारा छात्रावास में गायों छोड़ देता है जिससे छात्राएं काफी भयभीत रहती है और इस प्रकार गायों की आतंक से छात्राओं का प्रवेश की संख्या बहुत कम हो गयी है। भवन प्रभारी मदन सिंह ने कहा कि शत्रुहन लाल कोसमें द्वारा अवैधानिक तरीके से गायों को छात्रावास एवं क्वार्टर में रखकर गायों को पालकर व्यवसाय किया जा रहा है। जिसे तत्काल बंद कराई जावें एवं उचित वैधानिक कार्यवाही किये जावे।

## केन्द्रीय विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा की चित्रकला स्पर्धा मे रेशमा रही प्रथम, मंतशा को द्वितीय स्थान







राजनांदगांव (दावा)। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस का आयोजन किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा के तनाव को दूर करने की अनूठी पहल परीक्षा पे चर्चा के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रार्थना सभा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया और नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने पराक्रम दिवस के विषय में अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों से नेताजी सुभाष के पराक्रमपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। शिक्षक शुभम धनगर ने भी अपने विचार रखे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा के तनाव को दूर करने के संबंध में 29 जनवरी को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन है। इसी श्रृंखला में केंद्रीय विद्यालय संगठन के निर्देश पर क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के अधीन नोडल स्कूल केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के 100 प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता दी। इसमें केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव की छात्रा रेशमा ठाकुर प्रथम वेसलियन स्कूल राजनांदगांव की छात्रा मंतशा इकबाल द्वितीय एवं केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ की छात्रा लेशिका लाउत्रे तृतीय स्थान पर रहीं। केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव की छात्रा तिथि ठाकुर एवं केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ की छात्रा शिवानी मंडावी को सांत्वना पुरस्कार मिला। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक द्वय युनुस रजा बेग एवं डॉ. प्रियंका सिंह तथा कला विशेषज्ञ श्रीमती मलय जैन ने निर्णायक की भूमिका निभाई। सभी प्रतिभागियों को प्राचार्य मनोज कुमार के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा के तनाव को दूर करने के संबंध में व्यक्त परीक्षा मंत्रों पर आधारित पुस्तक एग्जाम वारियर की प्रति प्रदान की गई। पांच शीर्ष प्रतिभागियों को स्वतंत्रता सेनानियों, प्रमुख साहित्यकारों और राष्ट्रीय महत्व के विषयों की पुस्तकों का एक सेट और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया। चित्रकला प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव के साथ-साथ केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़, नवोदय विद्यालय, नीरज पब्लिक स्कूल, वेसलियन स्कूल, गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव, ठाकुर प्यारेलाल सिंह विद्यालय राजनांदगांव आदि स्कूलों के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। आयोजन का समन्वय केंद्रीय राजनांदगांव के कला शिक्षक अनिल खोब्रागढ़े ने किया।

## ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र में दीप जलाकर खुशियां मनाई गई



राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र वरदान भवन लालबाग द्वारा अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर श्री राम जी की मनोरम झांकी सजाई गई एवं दीपों से जय श्री राम की शानदार सजावट की गई। इस अवसर पर सेवाकेंद्र के समस्त ब्रह्माकुमारी बहनों एवं ब्रह्माकुमार भाईयों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के देवतायी गुणों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. सतीश चेलानी, डॉ. अरुण शंकर दीक्षित, उत्तमचंद जैन, अग्रवाल महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, डॉ. श्रीमती पूजा अग्रवाल, श्रीमती वंदना रूचंदानी, इंजीनियर विजय सोनी, श्रीमती रवि बग्गा, सीताराम सोनी, मोहन अग्रवाल, श्रीमती हंसा ठक्कर ने भी दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण किया गया।

## मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के लिए उपयोगी एवं परिणाम मूलक कार्य करने की जरूरत - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित करते हुए उन्हें सुपोषित करने का लक्ष्य लेकर कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए सभी एसडीएम, महिला एवं बाल विकास विभाग जनपद सीईओ को समन्वित तरीके से कार्य करें।

उन्होंने कहा कि गर्भावस्था में माता को पौष्टिक आहार दिया जाना जरूरी है ताकि स्वस्थ्य बच्चे का जन्म हो। उन्होंने बच्चों के लिए वजन त्यौहार हर माह कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मनरेगा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। सभी ग्रामों में मनरेगा के स्वीकृत कार्यों के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि धरसा रोड को मिट्टी रोड में परिवर्तित करें, इससे आवागमन की सुविधाएं बढ़ती हैं। धरसा रोड को प्राथमिकता से बनाने के निर्देश दिए। हर ग्राम पंचायत में श्रमिकों का पंजीयन होना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्य वहां की परिसम्पत्तियां हैं। योजनाबद्ध तरीके से ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवर की अवधारणा पर कार्य किया जा रहा है। इसी तरह ऐसे कार्य करने की आवश्यकता है, जो ग्रामीण क्षेत्रों के लिए उपयोगी हों और जिसका अच्छा परिणाम मिले। सड़क, तालाब गहरीकरण, जल संरक्षण के लिए परकोलेशन टैंक सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए अच्छा कार्य करें। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदानों के समतलीकरण, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय निर्माण तथा बाऊण्ड्रीवाल का निर्माण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिनी स्टेडियम के निर्माण से एक सुरक्षित स्थान खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध रहेगा। उक्त दिशा-निर्देश कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस के लिए रिहर्सल प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। सभी अधिकारी को इसमें उपस्थित रहने तथा झांकी की थीम एवं अन्य आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मक्के की खेती धान की खेती से ज्यादा फायदेमंद है। इसमें जल की कम आवश्यकता होती है एवं उत्पादन लागत भी कम होती है तथा शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर इसकी खरीदी भी की जा रही है। जिले में इसके लिए अनुकूल जलवायु है। मक्के की खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। मक्के साथ ही अन्य मिलेट्स के




**० धरसा रोड को प्राथमिकता से बनाने के दिए निर्देश**
**० मक्के की खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग को किया निर्देशित**
**० राशन कार्ड नवीनीकरण 25 जनवरी से प्रारंभ**
**० 31 जनवरी को धान खरीदी कार्य का अंतिम दिवस**
**० जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का पर्यवेक्षण कर अंतिम भौतिक सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश**
**० प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ऐसे हितग्राहियों जिन्होंने राशि प्राप्त कर ली है, लेकिन आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के दिए निर्देश**
**० साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न**

उत्पादन बढ़ाने तथा वैल्यू एडिशन, उत्पादन की मात्रा भी बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि फार्मर प्रोड्यूस आर्गेनाईजेशन से मदद लेते हुए वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें। उन्होंने आत्मा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, ई-नाम के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ऐसे हितग्राहियों जिन्होंने राशि प्राप्त कर ली है, लेकिन आवास के लिए निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के अंतर्गत आवश्यकतानुसार स्वसहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण देने के लिए कहा। राशन कार्ड नवीनीकरण 25 जनवरी से प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने 1 से 29 फरवरी तक नवीन राशन कार्ड का प्राथमिकता से वितरण कराने के निर्देश दिए। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन कार्य 31 जनवरी 2024 को पूर्ण होगा। धान खरीदी के अंतिम दिवस जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का पर्यवेक्षण कर अंतिम भौतिक सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, श्रम पोर्टल के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। गर्भवती महिलाओं की ड्यूटी नहीं लगाने कहा। निर्वाचन कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं की पहले से ही समीक्षा करने पर समाधान मिलेंगे। कलेक्टर ने राष्ट्रीय नियंत्रण कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय पशुधन मिशन एवं राष्ट्रीय गोकुल मिशन अंतर्गत पशुधन विभाग को फिल्ड में अच्छी तरह कार्य करने के लिए कहा।

जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार ने कहा कि जिले में मनरेगा के तहत में किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जनवरी, फरवरी एवं मार्च में ज्यादातर कार्य किया जाता है। पंजीकृत श्रमिक परिवारों को मनरेगा के तहत प्रतिदिन रोजगार प्राप्त हो रहा है। कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षित युवाओं को प्लेसमेंट कैम्प अंतर्गत रोजगार प्राप्त हो गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बैंक लिंकेज, प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में जानकारी दी।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> छोटी-छोटी फैसलों से ही जीवन में बड़ी सफलता मिलती है।

## इजराइल और हमास के बीच जंग का विकल्प, दोतरफा जिद और बर्बरता का शिकार बन रहे बेकसूर

इजराइल और हमास के बीच शुरू हुए युद्ध को अब तीन महीने से ज्यादा वक्त हो चुका है। शुरुआती दौर में इस बात पर गौर किया जा सकता था कि हमास ने अपने हमले में जैसी बर्बरता का प्रदर्शन किया, इजराइल के सामने अपने बचाव में उसका जवाब देने का विकल्प नहीं था। मगर उसके बाद हमलों का सिलसिला अब तक जारी है और उसमें मारे जाने वाले आमतौर पर गाजा के वे साधारण लोग हैं, जिनका युद्ध के किसी भी पक्ष से कोई वास्ता नहीं रहा और वे दोतरफा जिद और बर्बरता के शिकार हुए।

रविवार को गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक इस युद्ध में अब तक पच्चीस हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और करीब साढ़े बासठ हजार लोग घायल हुए हैं। इतनी बड़ी जनहानि के बावजूद इस युद्ध के खत्म होने या रुकने का कोई संकेत फिलहाल नहीं दिख रहा है। सवाल है कि हमास के खात्मे के घोषित मकसद के पर्दे में अगर इजराइल निर्दोष लोगों को निशाना बना रहा है, तो उसके हमले को स्वाभाविक प्रतिक्रिया कब तक माना जा सकेगा।

कोई जंग किसी मामूली कारण से भी शुरू हो सकती है और उसमें दोनों पक्षों में धीरज और दूरदर्शिता की कमी एक बड़ा कारण हो सकता है। मगर युद्ध में जितने सैनिक मोर्चे पर मारे जाते हैं, उससे कई गुना ज्यादा आम लोगों को मार डाला जाता है। कोई इसकी जिम्मेदारी नहीं उठाता। हमास ने अचानक इजराइली सीमा में घुसपैठ कर एक हजार से ज्यादा आम लोगों को मार डाला, तब उसकी बर्बरता को लेकर दुनिया भर में क्षोभ और आक्रोश पैदा हुआ और तब इजराइल के जवाब को सही ठहराने का एक कारण था। मगर उसके बाद इजराइली हमले में जितनी तादाद में आम लोगों की जान जा चुकी है, उसे कैसे देखा जाएगा?

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र की महिलाओं के लिए काम करने वाली एजंसी की एक रपट के मुताबिक इजराइल और गाजा के बीच जारी युद्ध में अब तक लगभग सोलह हजार महिलाओं और बच्चों को मार डाला गया है। इसके अलावा, इस जंग में कम से कम तीन हजार महिलाओं ने अपने पति को खो दिया और दस हजार से अधिक बच्चों के सिर से उनके पिता का साया उठ गया है।

इतने बड़े पैमाने पर मासूम लोगों के मारे जाने के बावजूद इजराइल की ओर से युद्ध को खत्म करने की तो दूर, युद्ध विराम तक को लेकर कोई संकेत नहीं दिख रहा। कुछ समय पहले एक दूसरे के अगवा किए नागरिकों और बंदी सैनिकों को छोड़े जाने के लिए तात्कालिक रूप से युद्ध को एक ठहराव दिया गया था, मगर उसके बाद फिर गोलाबारी और बेकसूर लोगों के मारे जाने का सिलसिला जारी है।

हालांकि इस बीच दुनिया भर में इस युद्ध को खत्म करने के लिए आवाजें उठी हैं। बीते शनिवार को गुटनिरपेक्ष आंदोलन के शिखर सम्मेलन में गाजा पट्टी में इजराइल के सैन्य अभियान को गैरकानूनी भी करार दिया गया और फिलीस्तीन के लोगों और बुनियादी ढांचों पर व्यापक हमलों की कड़ी निंदा की गई। मगर ऐसा लगता है कि क्रिया-प्रतिक्रिया के चरण से आगे बढ़ते हुए यह युद्ध अब जिद और अहं की शक्ल अख्तियार कर चुका है। जरूरत इस बात की है कि संयुक्त राष्ट्र और विश्व के शक्तिशाली देश इस युद्ध को खत्म करने को लेकर कोई ठोस पहल करें, ताकि नाहक निर्दोषों के मारे जाने का सिलसिला रुके।

# सत्ता सभी को प्यारी बिछड़ रहे बारी-बारी

## कांग्रेस छोड़ने की सबसे बड़ी वजह है पार्टी का हुकुमत से सूखा

जब भी कांग्रेस का कोई नेता पार्टी छोड़ता है तो उसे नए और पुराने की बाइनरी में देखा जाता है। इसके अलावा दूसरे पहलुओं पर देखने की जहमत नहीं उठाई जाती है। पीढ़ियों के संघर्ष की बाइनरी चूंकि बहुत सुविधाजनक है इसलिए इस पहलू से देख कर मामले को हर बार रफा-दफा कर दिया जाता है। इसमें एक फायदा यह भी है कि इस पहलू से देखने पर राहुल गांधी के ऊपर निशाना साधना आसान हो जाता है, जो भारतीय जनता पार्टी की राजनीति के बहुत अनुकूल होता है। ऐसे नेता, जिनका कांग्रेस से मोहभंग नहीं हुआ है या वैचारिक-राजनीतिक कारणों से भाजपा में नहीं जाना चाहते हैं लेकिन राहुल गांधी को पसंद नहीं करते हैं या उनको लगता है कि उनका राजनीतिक कैरियर राहुल की वजह से खत्म हो रहा है, वे कांग्रेस की कमजोरी या किसी नेता के पार्टी छोड़ने की घटना को नए और पुराने के परिप्रेक्ष्य में व्याख्यायित करते हैं और मीडिया व सोशल मीडिया को राहुल पर हमला करने का मौका मुहैया कराते हैं। तभी जब मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस छोड़ी तो निशाने पर राहुल गांधी आए। समूचा सोशल मीडिया ऐसी पोस्ट से भरा है, जिसमें राहुल पर हमला किया गया है। एक पुरानी तस्वीर शेयर की जा रही हैं, जिसमें मिलिंद देवड़ा के साथ जितिन प्रसाद,-ज्योतिरादित्य सिंधिया, आर.पी. एन. सिंह और सचिन पायलट खड़े हैं। इनमें से पायलट के अलावा बाकी चार कांग्रेस छोड़ चुके हैं। तीन अभी भाजपा के साथ हैं और मिलिंद देवड़ा भाजपा की सहयोगी शिव सेना में शामिल हुए हैं। सचिन पायलट ने भी बगावत कर ही दी थी लेकिन उनको सिंधिया की तरह कामयाबी नहीं मिली तो वे कांग्रेस में ही रह गए और अब उसी में अपनी जगह तलाश रहे हैं। कहा जा रहा है कि राहुल गांधी की गलती थी कि उन्होंने ऐसे युवराजों को आगे बढ़ाया और उन्हें केंद्र में मंत्री बनवाया। तथ्यात्मक रूप से यह सही है कि राहुल की तरह ही ये सभी युवराज थे और इनको बहुत कम उम्र में केंद्र में मंत्री बना दिया गया था। लेकिन इन तथ्यों की अभी जो व्याख्या हो रही है वह व्याख्या 2009 में नहीं हो रही थी। तब इसे राहुल गांधी का मास्टरस्ट्रोक कहा जा रहा था कि उन्होंने चुपचाप कांग्रेस के अंदर नेताओं की दूसरी लाइन तैयार कर दी। इसके लिए राहुल गांधी की तारीफ हो रही थी कि उन्होंने नए और युवा नेताओं को आगे किया है।

अलग-अलग समय की कसौटी पर दोनों व्याख्याएं सही प्रतीत होंगी लेकिन उस समय जो मास्टरस्ट्रोक था आज वह ऐतिहासिक भूल है। सर्वकालिक सही साबित होने वाले फैसले आमतौर पर राजनीति में कम होते हैं और व्यक्तियों के मामले में तो और भी कम होते हैं। बहरहाल, अगर कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने के घटनाक्रम को नए और पुराने की बाइनरी में देखेंगे तो सवाल उठेगा कि अगर पार्टी के भीतर नए और पुराने का विवाद चल रहा है और राहुल गांधी पुराने नेताओं को किनारे कर रहे हैं तो फिर नए नेताओं के पार्टी छोड़ने की बात को कैसे न्यायोचित मानेंगे? दूसरी ओर अगर यह कहा जाता है कि पुराने नेताओं ने पार्टी पर कब्जा रखा है, जिससे नए नेताओं को अवसर नहीं मिल रहा है तो फिर पुराने नेताओं के पार्टी छोड़ने का क्या तर्क होगा? ध्यान रहे पार्टी छोड़ने वालों में अगर ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, आर.पी.एन. सिंह और मिलिंद देवड़ा जैसे नए नेता हैं तो कैप्टन अमरिंदर सिंह, गुलाम नबी आजाद, सुनील जाखड़ जैसे पुराने नेता भी हैं। इसलिए यह सिर्फ नए और पुराने का संघर्ष या पार्टी के आंतरिक मतभेद का मामला नहीं है। ये सिर्फ सतह पर दिखने वाली चीजें हैं। असली कारण कुछ और है। असल में कांग्रेस को एकजुट रखने और नेताओं को जोड़े रखने वाली सत्ता की गोंद सूख रही है। कांग्रेस इससे पहले कभी लगातार 10 साल तक केंद्र की सत्ता से बाहर नहीं रही और न राज्यों की सत्ता से इतने लंबे समय तक बेदखल रही है। इसका नतीजा यह हुआ है कि नेताओं का धैर्य खत्म हो रहा है। कांग्रेस को न विपक्ष में रहने की आदत है और न विपक्ष की राजनीति करने का तरीका आता है। कांग्रेस छोड़ कर तृणमूल कांग्रेस में जाने से कई साल पहले सुष्मिता देब ने एक दिन कहा था कि कांग्रेस सत्ता में रहती है या सत्ता के इंतजार में रहती है। चूंकि इस बार सत्ता का इंतजार लंबा हो गया इसलिए कांग्रेस के नेताओं का धीरज खत्म हो गया। पहले पांच साल तक तो कांग्रेस नेता सहज रूप से विपक्ष में रहे और इंतजार करते रहे कि अगली बार अपने आप सत्ता में आ जाएंगे। जब दूसरी बार भी कांग्रेस बुरी तरह से हारी तब नेताओं की उम्मीदें टूटने लगी और वे दूसरी तरफ संभावना तलाशने लगे। अभी स्थिति यह है कि लगातार तीसरे चुनाव में कांग्रेस के लिए अच्छी संभावना नहीं दिख रही है कि और ऊपर से हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में कांग्रेस चुनाव हार गई। अगर वहां भी जीती होती तो कुछ हासिल होने की उम्मीद में नेताओं का पलायन रुका रह सकता था।

### हर कांग्रेसी हो चुका है सत्ता का आदी, सत्ता नहीं मिल रही तो चल पड़े अन्य दलों के दरवाजे पर

दूसरा अहम कारण वैचारिक क्षरण है। राहुल गांधी देश की मौजूदा राजनीति को विचारधारा की लड़ाई के तौर पर परिभाषित करते हैं। वे बार-बार कहते हैं कि भाजपा और आरएसएस के खिलाफ वे विचारधारा की लड़ाई लड़ रहे हैं। वे नफरत की विचारधारा के खिलाफ मोहब्बत की दुकान लगाने की बात करते हैं लेकिन असलियत यह है कि कांग्रेस अपना मध्यमार्ग और समावेशी राजनीति का रास्ता छोड़ कर भाजपा के बरक्स दूसरे किस्म की कट्टरपंथी राजनीति में उतर गई है। कई नेताओं ने यह बात अलग-अलग तरीके से कही है कि कांग्रेस को गैर सरकारी संगठनों यानी एनजीओ की तरह या जेएनयू के छात्र संगठन की तरह राजनीति नहीं करनी चाहिए। उस तरह की राजनीति थोड़े समय के लिए युवाओं को आकर्षित तो करती है लेकिन चुनाव में सफल नहीं हो पाती है। कांग्रेस एक समय हर तरह की विचारधारा को साथ लेकर चलने वाली पार्टी थी। वह पहले भी भाजपा का विरोध करती थी लेकिन वह वैयक्तिक और एकपक्षीय नहीं था। हालांकि पहले भी विचारधारा कभी भी कांग्रेस को बांधे रखने वाली गोंद नहीं रही है. जैसा कि भाजपा और वामपंथी पार्टियों में है। फिर भी कांग्रेस में जब हर विचार के लोगों के लिए जगह थी और उनकी बात सुनी जाती थी तब फिर भी साथ चलते रहने की गुंजाइश होती थी। अब वह गुंजाइश कम होती जा रही है। हालांकि कांग्रेस से अलग होकर जो लोग भाजपा में जा रहे है वहां अलग विचार रखने की तो और भी गुंजाइश नहीं है लेकिन वहां सत्ता का चुम्बक है, जो उनको खींच रहा है।

तीसरा कारण यह है कि कांग्रेस की अपनी राजनीति में बहुत स्पष्टता नहीं है। भाजपा पर नफरत फैलाने के आरोप लगाने और उसकी आलोचना करने के अलावा कांग्रेस की कोई स्पष्ट राजनीतिक दृष्टि नहीं दिखाई देती है। कूटनीति से लेकर आर्थिकी तक कोई वैकल्पिक विचार कांग्रेस ने पेश नहीं किया है। यह स्पष्ट नहीं है कि राहुल गांधी आज जिन आर्थिक नीतियों का विरोध कर रहे है वो नीतियां कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार की नीतियों से कैसे अलग है। चौथा कारण संगठन की कमजोरी है, जो एक एक करके नेताओं के निधन या संन्यास या उनके पलायन के कारण आई है। उसका कांग्रेस के पास कोई समाधान नहीं है। उसके पास न भाजपा के जैसा अनुशासित और बड़ा संगठन है और न आरएसएस के जैसी कोई ताकत है, जो सबको बांधे रहे। इसलिए नेताओं के अंदर कांग्रेस का समय लौटने का भरोसा कम होता जा रहा है।

### जब यार निकले गद्दार

सन 2004 से ही राहुल गांधी के करीबी दोस्त रहे और कई बार राहुल को विदेशी विश्वविद्यालयों में लेक्चर के लिए साथ ले जाने वाले पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा अब उसी दिन पार्टी छोड़कर चले गए जिस दिन राहुल गांधी 2024 के लोकसभा चुनाव के प्रचार का शंखनाद ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' की शुरुआत मणिपुर से कर रहे थे। मिलिंद तो शुक्रवार को ही शामिल हो रहे थे लेकिन ऐन समय पर इसे टाल दिया गया क्योंकि रणनीतिकारों ने तय किया कि कांग्रेस को ये झटका उसी समय दिया जाए जब राहुल की यात्रा की दूसरी शुरुआत हो रही हो, ताकि मीडिया को भी कांग्रेस की आलोचना करने का मौका मिल जाए। मिलिंद भी मजबूरी में ही सही इसके लिए तैयार हो गए और जाते जाते कह भी गए कि कांग्रेस में अब उनकी कोई नहीं सुनता। मिलिंद से ये सवाल जरूर पूछा जाना चाहिए कि वो कैसे सन 2004 में पहली बार सांसद और उसके बाद 2009 से मंत्री बन गए थे? राहुल के करीबी होने का उन्होंने खूब फायदा भी उठाया। किसको इतनी कम उम्र में सांसद होने का फायदा मिलता है और मंत्रालय भी मिलता है? पिता मुरली देवड़ा तो खैर कापरिटर से सांसद और मंत्री तक गए। मिलिंद को पिता के नाम के कारण ही सब कुछ मिला। इधर 2014 और 2019 की लगातार दो हार के बाद से ही मिलिंद के सुर बदले हुए थे। वो दिल्ली से दूर हो गए और राहुल के साथ भी उनके विदेश दौरे कम हो गए। हालांकि मिलिंद को प्रोफेशनल कांग्रेस का सह प्रमुख बनाया गया था शशि थरूर के साथ लेकिन मिलिंद इससे खुश नहीं थे। बाद में मिलिंद ने नागपुर में नेताओं से बात करने की कोशिश की लेकिन बहुत भाव नहीं मिला तभी 28 दिसंबर को मिलिंद ने तय कर लिया था कि अब यहां नहीं रहना। अब वो एकनाथ शिंदे के साथ चले गए हैं। मिलिंद को इसके पहले 2014 में ही अरुण जेटली ने बीजेपी आने का न्यौता दिया था और तब मिलिंद चले जाते तो बेहतर होता लेकिन राहुल की दोस्ती के चलते नहीं गए।

### क्यों हो रहे दूर

अब सवाल यही उठता है कि ऐसा क्या होता है कि राहुल गांधी के ही सारे करीबी और दोस्त एक-एक करके उनको छोड़ जाते हैं। क्या ही राहुल को दोस्तों की सही पहचान नहीं है या फिर राहुल तो सही हैं, उनके दोस्त जब ही कुछ ज्यादा उम्मीद कर लेते हैं। चाहे ज्योतिरादित्य सिंधिया हो या जितिन प्रसाद या फिर आर.पी.एन. सिंह या अब देवड़ा, सब तो राहुल के खास रहे है। एक और मित्र रणनीतिकार प्रशांत किशोर को भी राहुल ने खूब सिर चढ़ाया था वो भी छोड़ गए।

### ....जब भरोसा उठ जाता है

लोग कहते हैं कि राहुल जब किसी पर भरोसा करते हैं तो पूरा करते हैं लेकिन जब उनको लगता कि उनके इसी भरोसे पर कोई फायदा उठा रहा है या उनके नाम का दुरुपयोग कर रहा है तो वो उसे छोड़ देते हैं। ऐसा कब होता है, ये पता ही नहीं चल पाता। एक वाकया है। 2019 के चुनाव के पहले महाराष्ट्र के बड़े नेता राधाकृष्ण विखे पाटिल जो उस समय विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी थे, वो सीट बंटवारे से पहले दिल्ली गए थे। उनको अशोक चव्हाण खुद लेकर राहुल गांधी के पास गए। उस समय विखे पाटिल अपने बेटे सुजय विखे पाटिल के लिए अहमदनगर की लोकसभा सीट चाह रहे थे, जबकि एनसीपी नेता शरद पवार अपनी व्यक्तिगत खुन्नस के चलते ये सीट नहीं छोड़ रहे थे। विखे पाटिल परिवार ने शरद पवार को एक कानूनी मामले में फंसाया था और उसके चलते शरद पवार का राजनीतिक करियर तक दांव पर लग गया था। विखे पाटिल राहुल के सामने पहुंचे तो राहुल ने उनकी बात को बीच में ही काटते हुए कह दिया कि शरद पवार की बात तो माननी ही होगी, अगर आप अपने बेटे को लोकसभा टिकट दिलाना चाहते हैं तो एनसीपी से मैं बात कर सकता हूं। विखे पाटिल ने कहा कि उनके परिवार की राजनीति शरद पवार विरोधी है, कैसे वो चले जाएं। इस पर राहुल ने कहा कि फिर आप तय कर लें। विखे पाटिल भरे मन से बाहर आए। अगले ही दिन बीजेपी चले गए।

### सब कुछ साफ-साफ देखना चाहते हैं राहुल

विदेशों में पढ़ाई और वित्तीय क्षेत्र में नौकरी का राहुल गांधी पर खूब असर हुआ। वो सब कुछ साफ-साफ देखना चाहते हैं और वो भरोसा जल्दी करते हैं और छोड़ते भी हैं। ये भारतीय राजनीति में बहुत कठिन है। यही सब उनके पिता राजीव गांधी के साथ भी होता था। उनके कई मित्र साथ रहे और कठिन समय में छोड़ते चले गए लेकिन सोनिया गांधी ने ये सीख लिया था, इसलिए उन्होंने ये गलती नहीं की। कांग्रेस अपने कट्टर विरोधी और साफगोई वाले लोगों को भी साधती रही, मनाती रही. पद देती रही और यहां तक कि बिना मन के भी गुलाम नबी आजाद जैसों को बहुत ऊंचे पद तक ले गई लेकिन राहुल नाराज हुए तो सीधे बाहर का रास्ता दिखा दिया।

### राहुल को सोनिया से सीखना होगा

एक वाकया है। कांग्रेस का दिल्ली के बुराड़ी में अधिवेशन चल रहा था तो अहमद पटेल, जो तब सोनिया गांधी के सलाहकार थे, मंच पर नहीं, सामने आकर सोफे पर बैठ गए। तब राहुल की उनसे खटपट चल रही थी। सोनिया गांधी ने ये देखा तो राहुल को इशारा किया और राहुल से खुद जाने को कहा। राहुल खुद जाकर हाथ पकड़कर अहमद पटेल को मंच पर लाए और पहली पंक्ति में बिठा दिया। ये तहजीब सोनिया गांधी को हमेशा सबसे ऊपर रखती रही। राहुल को अभी ये सब सीखने और खुद में बदलाव लाने की ज़रूरत है लेकिन कहते हैं कि स्वभाव नहीं बदलता, आदत बदल सकती है।

### दोस्त सही चुनने होंगे

अब भी कांग्रेस में राहुल के करीबी ही कई बार दखलंदाजी करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को न चाहते हुए भी कई बार के.सी. वेणुगोपाल और राहुल के बाकी करीबियों की सुननी पड़ती है। खड़गे अब भी कई जगह मन से फैसले नहीं ले पाते और राहुल के करीबी गलत फैसले तक करा ले जाते हैं। इसका असर महाराष्ट्र में तो खास तौर पर देखने को मिलता है। जाहिर है। लंबे समय तक पार्टी में ये सब अच्छा नहीं है। महाराष्ट्र में तो आने वाले समय में कम से कम 14 विधायक और कुछ बड़े नेता भी इसीलिए पलायन कर सकते हैं क्योंकि राहुल उनकी सुनते नहीं और जिसकी सुनते हैं वो किसी और की नहीं सुनता। जाहिर है राहुल को तो पहले दोस्त सही चुनने होंगे और उन दोस्तों को पहले से ही सिर पर चढ़ाना बंद करना होगा और फिर अगर कुछ गलत भी हो तो बिना पता लगे साइडलाइन करना होगा ताकि पार्टी का नुकसान ना हो वरना ये दोस्तों के दोस्त ना रहने का सिलसिला यूं ही चलता रहेगा।

**विदर्भ चंडिका से साभार**

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 47: बिना विश्राम किए दिन-रात यज्ञ की रक्षा करते राम-लक्ष्मण

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



''उन दोनों के विश्वामित्र के साथ सिद्धाश्रम में पहुंचे की सूचना है। ज्ञात हुआ है कि विश्वामित्र कोई विशेष यज्ञ करने वाले हैं, इतना तो निश्चित है कि अगर यह यज्ञ हो जाता है तो वह और शक्तिशाली हो उठेंगे।'' सुबाहु ने बताया।

''तो ठीक है उन्हें अपना उपक्रम कर लेने दो। जब यज्ञ प्रारंभ होगा,तब हम उचित समय देखकर उस यज्ञ का ध्वंस कर डालेंगे।'' मारीच ने अपना कुसंकल्प व्यक्त किया।

अपनी माता ताड़का की मृत्यु से दोनों असुर शोक में हैं लेकिन इसका वास्तविक कारण समझने के बदले उन्होंने अपने कुमार्ग को जारी रखने का निर्णय लिया। घने जंगलों के बीच बने हुए अपने रहस्यमय मायालोक में मारीच विशेष तंत्र अनुष्ठान पर बैठा। स्वयं को शक्तिशाली समझने के बाद भी उसके भीतर भय व्याप्त है। उसने सुबाहु से कहकर राक्षसों से अपने निवास क्षेत्र की विशेष सुरक्षा करने को कहा।

राम और लक्ष्मण प्रातः काल तक इस आश्रम की आंतरिक और बाह्य स्थिति का अच्छी तरह अवलोकन कर चुके थे। यज्ञ की दीक्षा के पूर्व महर्षि विश्वामित्र ने उन्हें राक्षसों के आक्रमण के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की थीं।

दोनों भाई यज्ञ स्थल पर महर्षि विश्वामित्र और अन्य तपस्वियों के साथ उपस्थित हैं। विश्वामित्र जी मौन रहकर ही इस यज्ञ को संपन्न करेंगे।

सिद्धाश्रम में महर्षि विश्वामित्र ने यज्ञ प्रारंभ किया। यह यज्ञ निरंतर चलने वाला है। राम और लक्ष्मण दिन-रात निरंतर उस यज्ञ क्षेत्र की रक्षा में धनुष बाण लेकर अपना दायित्व निभा रहे हैं। दोनों यज्ञ स्थल से लेकर आश्रम के प्रवेश द्वार और उसके बाहरी क्षेत्र का चौकस होकर भ्रमण करते रहे। उन्होंने नींद का त्याग कर दिया है। बीच-बीच में राम और लक्ष्मण की दृष्टि आकाश की ओर जाती है, जहां से इस बार भी राक्षसों के आक्रमण करने की सर्वाधिक आशंका थी।

युद्ध नीति में आमने-सामने की लड़ाई तो आसान होती है लेकिन जहां सामना मायावी राक्षसों से हो और जहां विपक्षी दिखाई न देने वाले हैं और वे अपने लक्ष्य को साफ देख रहे हों, तो वहां और भी कठिनाई की स्थिति रहती है। छह दिनों के अनुष्ठान के बाद यज्ञ की वेदी में विशेष अग्निपुंज दृष्टिगोचर हुआ। श्री राम ने लक्ष्मण से कहा, ''सावधान रहना लक्ष्मण! दुष्ट राक्षस इसी अवसर की प्रतीक्षा में होंगे और अब वे अवश्य आक्रमण करेंगे।'' (भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है। श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है,लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों-युगों तक इसकी उपयोगिता है। श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं। इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे जिनसे अच्छा ताल मेल बनेगा। छात्रों को आज किसी प्रैक्टिकल में सहपाठी की मदद मिलेगी, कार्य में आसानी होगी। राजनीति से जुड़े लोगों का पद बढेगा, लोग आपका सपोर्ट करेंगे । आज आपका स्वास्थ अच्छा रहेगा।

**वृषभ** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये आज आपको कुछ अच्छे मौके मिल सकते हैं। घर के किसी काम को लेकर आप कोई बड़ा फैसला कर सकते हैं। संतान की ओर से आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मिथुन** — आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जायेंगे, जहां खूब इंजॉय करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को सफलता मिलती रहेगी। दाम्पत्य जीवन में चल रही नोक झोंक ख़त्म होगी, जीवनसाथी के साथ रिश्ता मजबूत बनेगा। वाहन खरीदने का विचार भाई से करेंगे।

**कर्क** — आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। लवमेट आज घूमने जाने का प्लान बनायेंगे। प्रतियोगी परीक्षा के लिये प्रयासरत छात्रों को बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा। स्वास्थ सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा।

**सिंह** — आपका दिन आपके परिवार वालों के लिए खुशिया लेकर आया है। आज आपको शुभ सन्देश मिल सकता है। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। कामकाज के मामले में परिस्थिति बेहतर रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।

**कन्या** — आज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं। काम करने में आसानी होगी। कोई भी काम करने से पहले उसकी रूपरेखा जरूर बना लें। अपने आप पर विश्वास रखें। शाम को बच्चों के साथ समय बिताने पर आप राहत महसूस करेंगे।

**तुला** — आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज किसी बात को सोचकर आपका मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन बौद्धिक आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यस्थल पर अफसरों के साथ सद्भाव बनाकर रखेंगे। आपको तरक्की के मौके मिलेंगे।

**वृश्चिक** — आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं। बिजनेस करने वालों को किसी अच्छी कंपनी से जुड़कर बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा मौका मिलेगा। आप कुछ अनुभवी लोगों से मिलेंगे। जिससे आपको आगे चलकर लाभ मिलेगा।

**धनु** — आज आपके लिए दिन पाज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। आपके लिए पदोन्नति के आसार हैं। आपका वेतन भी बढ़ सकता है। कार्यस्थल पर समझदारी पूर्वक लिए गए फैसले आपको बेहतर परिणाम देंगे।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

**कुंभ** — आज आपका दिन अच्छे पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक शाम का प्रोग्राम बन सकता है। इस राशि के कम्प्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है।

**मीन** — आज आपका दिन आपके लिए बहुत ही खास होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। जिससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। किसी योजना को शुरू करने के लिए आज का दिन आपके लिए अच्छा है। भविष्य में आपको काफी लाभ मिलेगा।



# बाबरी ढांचे पर विवादित बोल, संगीत नगरी में हंगामा, 3 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज, 2 गिरफ्तार, 1 युवती फरार

## विश्व हिन्दू परिषद थाने पहुंची, हुआ एफआईआर दर्ज




खैरागढ़ (दावा)। 22 जनवरी को पूरे हिन्दुस्तान में अयोध्या में भगवान राम मंदिर स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा के भक्तिमय माहौल के बीच पूरी संगीत नगरी भगवा रंग में रंगी रही, हर गली, चौक चौराहे पर भव्य रंग बिरंगी आतिशबाजी और घरों पर दीप से सजी रही। उसी वक्त किसी असामाजिक तत्वों के द्वारा मंगलवार को संगीत नगरी में सामुदायिक भावना को ठेस पहुंचाए जाने से खैरागढ़ में हिंदू आक्रोशित हो गए और बड़ी संख्या में लोग पुलिस थाना पहुंच गए और सामुदायिक भावना को ठेस पहुंचाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने थाना प्रभारी राजेश देवदास को ज्ञापन सौंपा। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। इनमें दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया हैं। वहीं एक युवती फरार बताई जा रही है। धार्मिक भावना उद्देलित करने के आरोप में चमन खान, चिंटू खान और सालिका खान के खिलाफ 295 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। सोशल मीडिया में कथित बाबरी मस्जिद के ढांचे की तस्वीर लगाकर 'सब्र जब वक्त हमारा आएगा तब सर धड़ से अलग किया जाएगा' ऐसा इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। जो वायरल होने के बाद खैरागढ़ में माहौल तनावपूर्ण हो गया और हिन्दू संगठनों के लोग सड़क पर उतरने लगे। फिर थाने में शिकायत दर्ज की गई। जिसके बाद पूरे शहर में एहतियात के तौर पर पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई। हालांकि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद माहौल शांत हो गया है। फिर भी मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस एहतियातन संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त कर रही है। संगीत नगरी में सामाजिक सद्भावना बना हुआ है।

**सब्र जब वक्त हमारा आएगा तब सर धड़ से अलग किया जाएगा, जैसे पोस्ट इंस्टाग्राम में वायरल होते ही संगीत नगरी का माहौल गरमाया**

सोमवार 22 जनवरी को कई मुस्लिम हिंदू मंदिरों और पंडालों में अपनी मौजूदगी दर्ज कर धार्मिक सद्भावना का परिचय दिया। तो कुछ लोगों ने मंदिर निर्माण की बधाई भी दी। पूरे शहर में जनता के बीच उत्साह और भक्तिमय माहौल रहा। इस बीच कुछ लोग सोशल मीडिया में उल-जलूल टिप्पणी कर माहौल खराब करने की कोशिश की। जिस पर पुलिस ने शिकंजा कसते हुए, जेल का रास्ता दिखाया।

### 0 धारा 295 (क) के तहत क्या सजा

इस धारा के अंतर्गत विद्वेषपूर्ण कार्य जो किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आशय से किया गया हो। उच्चारित या लिखित शब्दों द्वारा या दुष्प्रयासों द्वारा करेगा। उसे कारावास, जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा।

"कुछ लोगों के द्वारा अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन इंस्टाग्राम में धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया है और संगीत नगरी खैरागढ़ के धार्मिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास किया गया है, जो उचित नहीं है, दोषियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

**भागवत शरण सिंह,**
**जिला उपाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद केसीजी**

"मामले पर एफआईआर दर्ज हुआ है और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, आगे कार्यवाही जारी है।

**राजेश देवदास,**
**थाना प्रभारी, खैरागढ़**

# डोंगरगांव नगर का प्राचीन शिव मंदिर जगमग दियों से जगमगा उठा

## अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में 5000 दीये जलाए गए



डोंगरगांव (दावा)। अयोध्या में प्रभु राम रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में सोमवार को शहर के मंदिरों में कई धार्मिक आयोजन किए गए सुबह से देर रात तक मंदिरों में पूजा अर्चना का दौर चलता रहा हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा की गूंज सुनाई देती रही, हवन पूजन के बाद मंदिरों में प्रसादी वितरण किया गया शहर के प्राचीन शिव मंदिर बाजार चौक में 5000 मिट्टी के दीये जलाए गए, दीप जलते समय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी लोगों ने बारी-बारी से दीप जलाए। पूरे प्राचीन शिव मंदिर में खचाखच भीड़ रही दीपोत्सव के साथ-साथ आसमानी आतिशबाजी भी की गई, जिन्हें देखने लोगों के भीड़ उमड़ पड़ी एक साथ 5000 दिए जलाने के बाद पूरे प्राचीन शिव मंदिर परिसर रोशनी से चकमका उठा इसके साथ-साथ शहर के कई चौक चौराहों में भी दीप जलाया गया दीप उज्ज्वलन कार्यक्रम को देखने शाम 6:00 बजे से ही लोगों का आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो देर रात तक जारी रहा। लोग शिव मंदिर पहुंच कर दीप उत्सव कर भारत माता की जय और जय श्री राम के जयकारे लगाते रहे दीप के पहले परिसर में भगवान श्री राम की पूजा अर्चना की गई।

# पहला कॉलम...

## दिव्य अनुभूति से पूरा देश राममय हो गया - प्रतीक्षा भंडारी



राजनांदगांव(दावा)। 22 जनवरी को अयोध्या धाम में श्रीराम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम सिंघोला में विकासखंड स्तरीय आयोजन किया गया। यहां अयोध्या में अनुष्ठान का सीधा प्रसारण देखा गया। जैसे ही विग्रह की आंख से पट्टी हटाई गई सभी श्रद्धालुजनों ने जयश्री राम के नारे लगाए। अतिथियों ने श्रीराम की विशेष पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के सौभाग्य मिलने पर अपनी भावनाएं व्यक्त की। आयोजन में अतिथि जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी ने कहा कि, ये पीढ़ियां धन्य हैं, जिन्हें ऐसा पुण्य प्राप्त हुआ है। यह इस युग का वो क्षण हैं जो फिर नहीं आएगा। अयोध्या में 528 वर्ष के विश्राम के बाद श्रीराम लला पुनः अपने जन्मस्थल पर प्रकट हुए हैं। इसकी दिव्य अनुभूति से पूरा देश राममय हो गया है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जनपद सदस्य सिंघोला ललिता डोमार साहू, सरपंच मुकेश साहू, मनीष साहू, मुकेश बंछोर, श्री शुक्ला व सभी जनपद के कर्मचारी व सभी ग्रामवासी मौजूद थे।

## सर्द हवाओं ने घरों में दुबकने के लिए किया मजबूर

**राजेश मेश्राम**

जोंधरा (दावा)। पिछले दो सप्ताह से आसमानी बादलों ने निश्चल आसमान में डेरा डाल रखा है सूर्य की सतरंगी किरणें दिन के बारह घंटों में कभी-कभार नजर आ जाती है पर पिछले दो दिनों से चल रही शीत लहर ने बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक की हालत बिगाड़ दी है। संध्या 3 बजे के करीब खुज्जी सहित अंचल का तापमान 8 से 9 डिग्री सेल्सियस रहा है। प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र उमरवाही के चिकित्सक आरएमए रोशन मंडलोई ने क्षेत्रीय ग्रामीणों से इन दिनों गरम पानी पीने की सलाह दी है। विदित हो कि जोधरा सहित अंचल के 40-45 ग्राम वनांचल के अंतर्गत आते है लगभग सभी ग्राम वनों से अच्छादित है। इसलिए क्षेत्र में ठिठुरन भी अधिक रहती है।

## आज पदुमतरा मंडई

राजनांदगांव (दावा)। पदुमतरा में आज 24 जनवरी दिन बुधवार को मड़ई मेला आयोजित किया गया है। रात्रि में शिव भोला छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी करमतरा(जालबंधा) का कार्यक्रम रखा है। जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू व सरपंच ललिता मोहन साहू ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

## आज बड़भूम में मंडई

जोंधरा (दावा)। डोंगरगांव विकासखण्ड के समीपस्थ ग्राम बड़भूम दिनांक 24 जनवरी दिन बुधवार को मंडई मेला का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में आयोजित है इस अवसर पर रात्रि में दुर्ग का सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम लोकरंग राग अनुराग का आयोजन भी रखा गया है । उक्त जानकारी ग्राम के मजिद खान ने दी एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील की है ।

## आज आसरा मंडई

डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के बड़े ग्रामों में शुमार ग्राम आसरा में आज 24 जनवरी बुधवार को मेला-मंडई का आयोजन किया गया है। इस दौरान ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए 25 जनवरी को शिव भोला नाच पार्टी करमतरा जालबांधा वालों का रंगारंग कार्यक्रम रखा गया है। इसके साथ ही 27 और 28 जनवरी को श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

## कलकसा में चलाया गया स्वच्छता अभियान

डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर क्षेत्र के ग्राम पंचायत कलकसा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्राम के सरपंच अशोक साहू, सचिव केदान सिंहा, रोजगार सहायक नरोत्तम कुंजाम, विष्णु ठाकुर, रमेश बग्गा, घनश्याम वर्मा, रविदास साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुरजा बाई, हेमा कामडे, गुनी बाई, राम बाई, मंजू बाई, गोरेलाल, चंपा साहू, विश्वासा बाई, गीता बाई, प्रमिला बाई, हीरोन्दि बाई, धनेश्वरी बाई, विजय कुमार सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने गांव में स्थित पंचायत भवन, स्कूल, आंगनबाड़ी भवन में सोमवार सुबह स्वच्छता अभियान चलाया ।

# राममय हुआ ग्रामीण अंचल





डोंगरगढ़ (दावा)। अयोध्या में श्री राम लला के प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के दौरान ग्रामीण अंचल के ग्राम अछोली, नागतराई, हरानसिंघी, करवारी आदि गांव में सुबह से ही विविध धार्मिक आयोजन होते रहे, जहां ग्राम अछोली में श्री शारदा मानस मंच एवं समस्त ग्रामवासियों के द्वारा 21 जनवरी को ज्योति कलश यात्रा एवं 22 जनवरी को पुराना अछोली के गोकुल गोतन में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा का विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया, वही नया अछोली में केशरवानी समाज के द्वारा दिव्यांश केसरवानी, उज्जवल केसरवानी, अदिति केसरवानी को राम लक्ष्मण एवं सीता के वनवास पश्चात घर वापसी की मनमोहक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें दिव्यांश केसरवानी, उज्जवल केसरवानी, अदिति केसरवानी को राम लक्ष्मण सीता एवं हर्ष यादव हनुमान तथा मोहित वर्मा ने जामवंत बनाकर ढोल बाजे के साथ पैदल शोभायात्रा निकाला इस दौरान भक्तों ने उन पर फूल वर्षा करते जय श्री राम के नारे, शिव मंदिर में पहुंचने के पश्चात ग्रामीणों द्वारा उनका अगवाई करते हुए विधिवत रूप से घर वापसी का पूजा अर्चना कर आरती उतारा गया, वही ग्राम नागतराई, अंजनी सूत हनुमान भक्त समिति, के द्वारा पूरे गांव को भगवा रंग के झंडे एवं केले के पत्ते से सजाकर गांव में भक्ति में वातावरण बना दिया गया वहीं ज्योति कलश शोभायात्रा के पश्चात ग्राम सरपंच श्रीमती छतरी वर्मा एवं ग्रामवासियों के सहयोग से विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया जो देर रात तक चलता रहा, वहीं ग्राम हरनसिंघी में कलश यात्रा के साथ विशाल भजन भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव में लोग अपने घरों के आंगन को सजाकर रंगोली डालते नजर आए ग्राम करवारी के मंदिरों में सुबह से ही भगवान राम की पूजा अर्चना एवं हनुमान चालीसा सुंदरकांड आदि की गायन किया गया तत्पश्चात संध्या को महाप्रसादी वितरण किया गया।

# रानी मंदिर में भगवान श्री राम की पूजा एवं दीपोत्सव में उमड़ी भीड़



छुईखदान (दावा)। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में प्रभु मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामलला जी प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव पर रानी मंदिर छुईखदान में श्री राम जी की पूजा एवं दीपोत्सव 22 जनवरी सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। मंदिर समिति के संरक्षक लाल जे.के.वैष्णव ने बताया कि दो दिन पूर्व से ही मंदिर परिसर की साफ-सफाई, रंगोली एवं रौशनी की गई। 22 जनवरी को दोपहर बारह बजे के बाद पूजा अर्चना कर स्तुति श्री राम चन्द्र कृपालु भजमन एवं भजन कीर्तन आतिशबाजी पश्चात भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अनिल पुजारी रानी मंदिर, शिवेन्द्र किशोर दास, सुप्रिया सचिन महोबिया, दिनेश मुकेश महोबिया, जितेन्द्र देवांगन, कमलेश यादव, योगेश नागेश महोबिया, लाल सूर्याशीष वैष्णव, राजकुमार सदाबहार वैष्णव, पं.अरविन्द शर्मा, निशा डी.के नामदेव, गायत्री महोबिया, लतारानी लाल, जे.के.वैष्णव, मीरा वैष्णव, जमुना बल्ला यादव, रेखा यादव, संजय लल्ला, भारती यादव, भूमि यादव, बिट्टी बन्नो नामदेव सहित बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित रहे। वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे.के.वैष्णव ने प्रतिदिन श्री रामचरितमानस पाठ अध्ययन करने एवं कलियुग में भगवान श्री राम नाम जप के महत्व को रेखांकित किया। मंदिर परिसर जय जय श्री राम के नारों से गूंजित रहा। बच्चों एवं युवाओं में ध्वज लेकर रैली, भजन कीर्तन आदि स्वस्फूर्त धार्मिक जनजागृति बहुत प्रशंसनीय रहा। छुईखदान के श्री रामजानकी मंदिर रामदरबार जमात मंदिर, बाईसाहब राधाकृष्ण मंदिर सहित सभी मंदिरों में सुंदरकाण्ड पाठ, रामायण पाठ संपन्न हुआ। पं. मनोज चौबे ने कहा कि भक्तों द्वारा राममंदिर में विशाल भंडारा से सैकड़ों भक्त ने प्रसाद ग्रहण किया। भगवान श्री राम, मां सीता एवं लक्ष्मण जी की वेश-भूषा में रथ पर सवार होकर भव्य शोभायात्रा बैंड़ बाजे गाजे के साथ नृत्य एवं आतिशबाजी करते बड़ी संख्या में भक्त जन शामिल रहे।

# गूंज उठा अंचल श्री राम के जयकारे से, हर गांव में दीपावली सा माहौल



खुज्जी (दावा)। गत 22 जनवरी को जहां अयोध्या मन्दिर में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी, वहीं ग्रामीण अंचल के हर मन्दिर में लोगों की भीड़ लगी रही, गांव में त्यौहार मनाकर, मन्दिरों में पूजा अर्चना कर, अपने घरों में दीप जलाकर फटाके फोड़े, इसी कड़ी में ग्राम खुज्जी में भी निषाद समाज के द्वारा श्री राम भक्त गुहा निषाद राज की जयंती को समारोह पूर्वक मनाया। स्थानीय राम मंदिर से भगवान राम की शोभायात्रा में ग्राम की महिलाओं ने कलश यात्रा में शामिल होकर ग्राम भ्रमण किया। वहीं समाज के युवाओं ने डीजे बाजे गाजे के सांथ फटाके फोड़कर अपनी खुशियाँ व्यक्त की।

### भोजन भंडारा का हुआ आयोजन

स्थानीय बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में आर एस एस के युवाओं ने पूजा अर्चना के बाद, खीर पूड़ी का वितरण कर, माहौल को जय श्री राम जय हनुमान के जयकारे से भक्ति मय बना दिया। स्थानीय बाजार चौक में निषाद समाज परिक्षेत्र खुज्जी के द्वारा भंडारे में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

भक्त राज गुहा की जयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के परिक्षेत्र खुज्जी क्षेत्रीय अध्यक्ष गौतरिया निषाद ने मंच के माध्यम से सामाजिक जनों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डोंगरगांव जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने भी भक्त गुहा निषाद के प्रेरक प्रसंग को रखते हुए, कहा कि जब-जब राम रामायण की चर्चा होती है तब-तब भक्त गुहा निषाद की चर्चा होती है, आपका समाज रामायण का एक अहम हिस्सा है, जिससे प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ना चाहिए।

कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि के टेकराम निषाद, हिंसा निषाद, श्रवण निषाद, विदेश निषाद, दिनेश निषाद, गरीबा निषाद, सुख सागर, हीरा लाल निषाद, मुख्यरूप से उपस्थित रहे। उक्त आयोजन में पोटियाडीह धमतरी की मानस मण्डली के द्वारा मानस प्रस्तुति ने माहौल को राममय बना दिया, कार्यक्रम को सफल बनाने में, मुरली निषाद, दुर्गा निषाद, पेमुल निषाद, फूल सिंग निषाद, बलराम, रामाधार, राज कुमार निषाद, प्रद्युम्न निषाद, हरीश साबला, खोरबाहरा निषाद सहित, समाजिक जनो का सराहनीय योगदान रहा, मंचीय कार्यक्रम का संचालन विमल जैन व संदीप यादव ने किया। आभार प्रदर्शन सेवानिवृत्त प्रधान पाठक खोरबाहरा निषाद ने किया।

# खैरागढ़ कालेज का सरगुजा रायगढ़ शैक्षणिक भ्रमण



खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ एम.ए. हिन्दी साहित्य एवं समाजशास्त्र विभाग का 19 जनवरी से 21 जनवरी शैक्षणिक भ्रमण सरगुजा रायगढ़ जिले में रहा। छात्रसंघ प्रभारी जे.के.वैष्णव के मार्गदर्शन में रतनपुर महामाया, मैनपाट अम्बिकापुर, मछली प्वाइंट, बौद्ध मंदिर, उल्टापानी बहना क्षेत्र, दलदली, मेहता टाइगर प्वाइंट, शबरी एम्पोरियम, सीतापुर पश्चात मां चन्द्रहासिनी माता मंदिर चन्द्रपुर, महानदी, शिवरीनारायण मंदिर, सिरपुर आदि क्षेत्रों का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस अवसर पर प्रो. यशपाल जंघेल, डॉ. उमेंद चन्देल, शिक्षिका कु. प्रज्ञा सोनी सहित छात्र सुनील वर्मा, नेमचंद्र वर्मा, देवीसिंह वर्मा, पूजा राजपूत, खुशबू वर्मा, युवराज वर्मा, लीलेन्द साहु, रोशन वर्मा, काजल, अंजू मंडावी, दूज मेरावी, आंचल बंजारे, जागृति, पुष्पा, गौकरण साहु सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल रहे। छात्रसंघ प्रभारी जे.के वैष्णव ने शैक्षणिक भ्रमण के महत्व को रेखांकित करते हुए स्थल अवलोकन अंतर्गत जैसे उल्टा पानी क्षेत्र में धरती पर नीचे से ऊपर की ओर पानी का बहाव बहना अद्भुत क्षेत्र बताया। व्यक्तित्व विकास, प्रोजेक्ट फाइल लघु शोध बनाने हेतु स्थान का भ्रमण को आवश्यक कहा। प्रो. यशपाल जंघेल ने प्रदेश की संस्कृति बोली भाषा पर अपने विचार रखे। डॉ. उमेंद चन्देल कविता के माध्यम से संस्कृति सभ्यता से अवगत कराया। प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे ने सभी को बधाई शुभकामनाएं दी।

# ब्लड स्टोरेज व एफआरवी के अन्तर्गत सिजेरियन की सुविधा शीघ्र ही उपलब्ध होंगी - बीएमओ



डोंगरगढ़ (दावा)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ (अछोली) में शीघ्र ही ब्लड स्टोरेज व एफआरवी के अन्तर्गत सिजेरियन की सुविधा शीघ्र ही उपलब्ध होंगी। उपरोक्त जानकारी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.बी पी एक्का की ओर से प्रदान किया गया।

जिससे आस पास के ग्रामीण व शहरी मरीजों को ब्लड चढ़ाने के साथ एफआरवी के अन्तर्गत डिलेवरी (गर्भवती) महिलाओं को सिजेरियन की सुविधा उपलब्ध हो जावेगी। जिसके लिए आवश्यक तैयारी की जा रही।

### ओपीडी में हुई दोगुनी बढ़ोतरी

नया अस्पताल में प्रतिदिन 350 के लगभग मरीज ओ पी डी की सुविधा का लाभ ले रहे हैं। अस्पताल में भर्ती होकर इलाज कराने वाले मरीजों के साथ-साथ एनआरसी के अन्तर्गत कुपोषित बच्चों को भी भर्ती कर स्वास्थ्य लाभ की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। दंत जांच एवं नेत्र जांच की सुविधा के साथ-साथ अब तक कुल 800 नेत्र ऑपरेशन करवाया जा चुका है। मोतियाबिंद के मरीजों का आवश्यकतानुसार नियमित आपरेशन किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री के संदेश पर स्वच्छता अभियान

## सह संयोजक श्री छाबड़ा के नेतृत्व में चलाया गया स्वच्छता अभियान



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नाम संदेश में 22 जनवरी तक अयोध्या में प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा पर दीपावली उत्सव मनाए जाने की अपील देशवासियों से की थी। इसे लेकर सभी देशवासियों से आग्रह किया था कि 14 जनवरी से 22 जनवरी तक सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जाए।

स्वच्छता अभियान को लेकर डोंगरगढ़ में अमित छाबड़ा अभियान के सह संयोजक के नेतृत्व में शहर के विभिन्न वार्डो में तीर्थ स्थल स्वच्छता अभियान चलाया, जिसमें हनुमान मंदिर, गुरुद्वारा, चारमीनार मस्जिद, चर्च, दंतेश्वरी मन्दिर, बम्लेश्वरी मंदिर, रण चंडी मन्दिर, शिव मंदिर शीतला मन्दिर, कृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर, शारदा मंदिर, राम मंदिर, चित्र गुप्त मंदिर काली माता मंदिर में स्वच्छता कार्य किया गया। इस अभियान में श्री छाबड़ा के साथ लोकेश इंदुरकर, चितरंजन साहू, अभिषेक साहू, अनिल यादव, उमेंद्र साहू, शैलेश साहु, नरेश कुमार, रमेश कुमार, सुरेश मरकाम, रामाश्रय सिंह ठाकुर, खोरबाहरा सिन्हा, राम कुमार डडसेना, द्वारका साहू, कमलेश धमगाये, पार्षद डिकेश राव, रतन कोशे, लक्ष्मी यादव, अनीता इंदुरकर पार्षद अर्चला ठाकुर, सविता दरगढ़, किरण साहू, नमिता चौबे, सुमन पांडे, चन्द्रकला सिंह, अनिता वर्मा, सुनिता साहू, बैशाखी कौशिक, दुर्गा ठाकुर एवं अन्य वार्डवासी समाजिक कार्यकर्ता, भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थिति होकर स्वच्छता कार्य में सहभागी रहे।

# पहला कॉलम...

## रेलवे के शेयर 9 फीसदी तक गिरे

नई दिल्ली। हाल में तेजी के बाद मंगलवार को शेयर बाजार में कारोबार के दौरान रेलवे के शेयरों में भारी गिरावट आई। बीएसई पर रेलटेल 9.5 फीसदी गिरकर 401.40 रुपए पर है। इरकॉन 9.4 फीसदी गिरकर 241.95 रुपए पर है। रेल विकास निगम 7.25 फीसदी गिरकर 297 रुपए पर है। रेल विकास निगम का स्टॉक 10 फीसदी के निचले सर्किट के करीब है। राइट्स 7.3 फीसदी गिरकर 581 रुपए पर है। टेक्समैको रेल 6.8 फीसदी गिरकर 202 रुपए पर है। आईआरसीटीसी 4 फीसदी नीचे है। सोनी द्वारा विलय रद्द करने के बाद ज़ी एंटरटेनमेंट के शेयर में 9.9 प्रतिशत की गिरावट आई है। सेंसेक्स 95 अंक गिरकर 71,328.53 अंक पर है। एचडीएफसी बैंक 2 फीसदी नीचे है, एशियन पेंट्स 2 फीसदी नीचे है, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2 फीसदी नीचे है। उधर, निफ्टी 33 अंक गिर कर 21,538.45 पर कारोबार कर रहा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि निफ्टी ने साप्ताहिक और दैनिक चार्ट पर मंदी का एक पैटर्न बनाया है। जब तक निफ्टी 21,852 के प्रतिरोध को पार नहीं कर लेता, तब तक सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। निफ्टी के लिए 21,449 और 21,150 पर सपोर्ट दिख रहा है।

## गोलीबारी से फिर दहला अमेरिका, फायरिंग में एक ही परिवार के 8 की मौत

नई दिल्ली। अमेरिका में लगातार फायरिंग की घटनाएं सामने आ रही हैं। ताजा मामले में एक ही परिवार के 8 लोगों पर फायरिंग कर मौत के घाट उतार दिया गया। बताया जा रहा है कि बाद में संदिग्ध हमलावर ने खुद को भी गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शिकागो में आठ लोगों की हत्या के संदिग्ध ने टेक्सास में खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार देर रात यह जानकारी दी। इलिनोइस के जोलीट में पुलिस ने फेसबुक पर जानकारी दी कि स्थानीय समयानुसार रात करीब साढ़े आठ बजे रोमियो नेंस को अमेरिकी मार्शलों ने नतालिया, टेक्सास के पास ढूंढ निकाला। इस दौरान वहीं नेंस ने खुद को गोली मार ली। टेक्सास में मेडिना काउंटी शेरिफ कार्यालय ने फेसबुक पर जानकारी दी कि एजेंसी को शिकागो में हुई आठ लोगों की हत्या के एक संदिग्ध व्यक्ति के बारे में एक फोन कॉल से पता चला। इसके बाद एक गैस स्टेशन पर नेंस और विभिन्न एजेंसियों के पुलिस कर्मियों के बीच गतिरोध हुआ और संदिग्ध ने खुद को गोली मार ली।

## हमास ने किया पलटवार, जोरदार हमले में इजराइल के 10 सैनिकों की मौत

नई दिल्ली। इजराइल और हमास के बीच जंग जारी है। इसी बीच इजराइली सेना ने दावा किया है कि दक्षिणी गाजा में हमास के साथ जंग के बीच उसके 10 जवानों की ताजा हमले में मौत हो गई है। इजराइली सेना के अनुसार हमास ने पलटवार किया है। यही कारण है कि जंग के दौरान एक जोरदार ब्लास्ट हुआ। इसकी चपेट में इजराइल के कई सैनिक आ गए। यह ब्लास्ट इतना जबर्दस्त था कि दो इमारतें भी इस ब्लास्ट की चपेट में आने से तबाह हो गई।

वहीं इजराइल की आर्मी के एक टैंक पर हमास ने आरपीजी से अटैक् किया। इस तरह इन दो हमलों में इजराइल के कुल 10 सैनिकों के मारे जाने की खबर है। अब तक इस जंग में इजराइल के 208 सैनिक मारे जा चुके हैं। इजराइल की आर्मी का कहना है कि हमास का यह हमला 3 महीने की जंग में यह सबसे घातक हमलों में से एक था। इसमें 10 सैनिक मारे गए। यह जंग 7 अक्टूबर को इजराइल में हमास के हमले के बाद शुरू हुई थी। इजराइली मीडिया का कहना है कि सैनिक सोमवार को मध्य गाजा में दो घरों को ध्वस्त करने के लिए विस्फोटक तैयार कर रहे थे। तभी एक आतंकवादी ने पास के एक टैंक पर रॉकेट चालित ग्रेनेड दागा। विस्फोट से विस्फोटकों का विस्फोट हुआ।

## भारतीय शेयर बाजार हुए धड़ाम

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार का कारोबारी सत्र बिकवाली भरा रहा। बाजार में आज चौतफा गिरावट देखने को मिली। इस कारण सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान में बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 1,053 अंक या 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,370 अंक और निफ्टी 333 अंक या 1. 54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,238.80 अंक पर बंद हुआ। आज के कारोबार में लार्ज कैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में जबरदस्त बिकवाली देखने को मिली। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 445.85 अंक या 2.87 अंक की गिरावट के साथ 15,073.05 अंक और निफ्टी मिडकैर 100 इंडेक्स 1,493 अंक या 3.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 40,569 अंक पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में फार्मा को छोड़कर ऑटो, आईटी, पीएसयू, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया और इन्फ्रा इंडेक्स गिरकर बंद हुए।

# आईसीसी ने किया साल की बेस्ट टेस्ट टीम का एलान




नई दिल्ली। आईसीसी ने साल 2023 की बेस्ट टेस्ट टीम का एलान किया है। टीम की कमान ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले कप्तान पैट कमिंस के हाथों में सौंपी गई है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की बेस्ट टीम में पांच कंगारू खिलाड़ियों को जगह दी गई है। वहीं, भारत के सिर्फ दो ही प्लेयर्स को शामिल किया गया है। आईसीसी ने अपनी टीम में विराट कोहली को भी जगह नहीं दी है।

आईसीसी की बेस्ट टेस्ट टीम में ऑस्ट्रेलिया के पांच खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। उस्मान ख्वाजा को आईसीसी ने बतौर ओपनर अपनी टीम में शामिल किया है। वहीं, मिडिल ऑर्डर में ट्रेविस हेड को भी टीम में जगह दी गई है। विकेटकीपर के तौर पर आईसीसी ने एलेक्स कैरी को अपनी टीम में चुना है। गेंदबाजी में कंगारू टीम के कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क को जगह मिली है।

आईसीसी ने अपनी टेस्ट टीम में सिर्फ दो भारतीय खिलाड़ियों को जगह दी है। पिछले साल क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में लगातार अच्छी गेंदबाजी करने वाले आर अश्विन को टीम में शामिल किया गया है। वहीं, बल्ले और गेंद दोनों से दमदार प्रदर्शन करने वाले रविंद्र जडेजा को भी टेस्ट की बेस्ट टीम में रखा गया है।

आईसीसी की टेस्ट टीम में इंग्लैंड के दो प्लेयर्स को जगह मिली है। क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते आ रहे जो रूट को टीम में शामिल किया गया है। वहीं, टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके स्टुअर्ट ब्रॉड को भी आईसीसी ने अपनी टीम में जगह दी है। केन विलियमसन और दिमुथ करुणारत्ने को भी टीम में शामिल किया गया है।

उस्मान ख्वाजा, दिमुथ करुणारत्ने, केन विलियमसन, जो रूट, ट्रेविस हेड, रविंद्र जडेजा, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस (कप्तान), आर अश्विन, मिचेल स्टार्क, स्टुअर्ट ब्रॉड।

## पुरुषों के बिना रहने वाली महिलाओं के लिए तालिबानियों का तुगलकी फरमान

नई दिल्ली। जब से तालिबान ने अफगानिस्तान में सत्ता संभाली है, तभी से वह वहां की जनता खासकर महिलाओं के लिए तुगलकी फरमान जारी कर रहा है। इसी कड़ी में तालिबानियों ने अकेले रहने वाली महिलाओं के लिए फरमान जारी किया है। तालिबान ने कहा है कि पुरुषों के बिना यानी अकेली महिला जो पति या भाई के साथ नहीं रहती है, ऐसी महिलाओं को ट्रैवल करने, मेडिकल सेंटर में काम करने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

रिपोर्ट के अनुसार यदि किसी महिला का पुरुष संरक्षक नहीं है, तो ऐसी महिलाओं के ट्रैवल करने और मेडिकल सेंटर तक उनकी पहुंच पर अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है। रिपोर्ट में एक घटना का जिक्र किया गया है जिसमें अफगानिस्तान की मिनिस्ट्री ऑफ कंडक्ट के अधिकारियों ने एक महिला को सलाह दी कि अगर वह हेल्थ केयर सेंटर में अपनी नौकरी जारी रखना चाहती है तो वह शादी कर ले। क्योंकि ऐसी महिला का जो कि शादीशुदा नहीं है, नौकरी करना ठीक नहीं है।

जब से तालिबान की सरकार 2021 से सत्ता में आई है, तभी से अफगानिस्तान की महिलाओं के लिए बुरी स्थिति शुरू हो गई। तालिबान ने जब सरकार बनाई, तब वादा किया था कि वह 20 साल पुराने तालिबान की तरह नहीं होगा, बल्कि उदार तालिबान होगा। लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है, तालिबान लगातार लोगों खासकर महिलाओं की स्वतंत्रता और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के विरुद्ध अपने फरमान जारी करता रहता है। कभी एजुकेशन, तो कभी रेडियो स्टेशन चलाने, कभी ब्यूटीपार्लर बंद करने जैसे फरमान पहले ही तालिबान जारी कर चुका है।

## अब मात्र 1622 रुपये में फ्लाइट से पहुंचें राम नगरी




अयोध्या । प्रभु श्रीराम अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में विराजमान हो गए हैं। इस उत्सव को लेकर लोगों के बीच खुशी का माहौल है। सभी लोग अपने-अपने तरीके से इस पल को सेलिब्रेट कर रहे हैं। श्रीरामलला के दर्शन के लिए देश विदेश से राम भक्त अयोध्या पहुंचने लगे हैं। रामभक्त ट्रेन, बस और हवाई जहाज के माध्यम से अयोध्या पहुंच रहे हैं।

इसी बीच एयलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने भी अपने कस्टमर के लिए एक खास आफर लेकर आई है। इसके तहत एयलाइन कंपनी ने देश के प्रमुख शहरों से 1622 रुपये में फ्लाइट टिकट पेश किया है। 1622 रुपये का किराया मुंबई-गोवा, दिल्ली-जयपुर और गुवाहाटी-बागडोगरा जैसे अच्छी यात्रा वाले घरेलू मार्गों को भी कवर करता है। इसके अलावा कुछ अन्य शहरों से भी इतने ही किराये पर फ्लाइट शुरू की है। स्पाइसजेट ने 22 जनवरी से इस ऑफर की शुरुआत की है, जिसकी 28 जनवरी तक बुकिंग की जा सकती है, जबकि 30 सितंबर 2024 तक यात्रा की जा सकती है। इस ऑफर के तहत पहले आओ और पहले पाओ आधार पर सीटें बांटी जाएंगी। अगर आप टिकट कैंसिल करते हैं तो कैंसिलेशन चार्ज के साथ पैसा वापस किया जाएगा। फ्री में ट्रैवेल डेट को भी इस ऑफर के तहत चेंज करा सकते हैं। आपको मील पर 30 फीसदी का डिस्काउंट भी दिया जा रहा है।

## इंटरनेशनल क्रिकेट में पाकिस्तान की भयंकर बेइज्जती

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम अक्सर खेल के मैदान पर अपमानित होती रहती है। क्रिकेट में भी ऐसा ही है। अब तो लगता है कि टीम के लिए ये आम बात हो गई है। भारत में खेले गए आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के बाद पाकिस्तान क्रिकेट की पूरी तरह से कायापलट हो गई है, लेकिन परिणाम नहीं बदल रहे हैं। इस बीच आईसीसी ने तीन टीमों का ऐलान किया है, लेकिन एक में भी पाकिस्तान का कोई खिलाड़ी नहीं है। इससे समझा जा सकता है कि पाकिस्तान क्रिकेट इस वक्त किस तरह से गर्त में जा चुका है। हर साल के पहले महीने में पिछले साल की एक टीम का ऐलान किया जाता है।

## हांगकांग को पीछे छोड़ भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर मार्केट बना

मुंबई । भारतीय शेयर मार्केट ने पहली बार हांगकांग को पीछे छोड़ दिया है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार भारतीय एक्सचेंजों पर लिस्टेड शेयरों की कंबाइन वैल्यू सोमवार को 4.33 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई। जबकि, हांगकांग के लिए यह आंकड़ा 4.29 ट्रिलियन डॉलर था। इसके साथ ही भारत दुनिया में चौथा सबसे बड़ा इक्विटी मार्केट बन गया है।



घरेलू मार्केट का मार्केट कैप 5 दिसंबर को पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर को पार हुआ था। इसमें से लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर पिछले चार वर्षों में आया था। तेजी से बढ़ते खुदरा निवेशक आधार और मजबूत कॉर्पोरेट इनकम के कारण भारत में इक्विटी तेजी से बढ़ रही है। दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश ने खुद को चीन के विकल्प के रूप में स्थापित किया है। भारतीय बाजार अब ग्लोबल इन्वेस्टर्स और कंपनियों से नई पूंजी आकर्षित कर रहा है।

मुंबई में एक्सिस म्यूचुअल फंड के मुख्य निवेश अधिकारी आशीष गुप्ता ने कहा, भारत में विकास की गति को आगे बढ़ाने के लिए सभी चीजें मौजूद हैं। भारतीय शेयरों में लगातार तेजी और हांगकांग में ऐतिहासिक गिरावट ने भारत को इस मुकाम तक पहुंचाया है। बीजिंग के कड़े कोविड-19 प्रतिबंध, निगमों पर नियामक कार्रवाई, प्रापर्टी सेक्टर में संकट और पश्चिम के साथ भू-राजनीतिक तनाव ने मिलकर दुनिया के विकास इंजन के रूप में चीन की उम्मीद को खत्म कर दिया है। चीनी और हांगकांग के शेयरों की कुल मार्केट वैल्यू 2021 में अपने चरम पर पहुंचने के बाद से 6 ट्रिलियन डॉलर से अधिक गिर गया है।

## वॉल्व्स और ब्राइटन ने खेला गोलरहित ड्रा



**लंदन। एमेक्स स्टेडियम में वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स के साथ गोलरहित ड्रा में अंक साझा करने के बाद ब्राइटन अंक तालिका में मैनचेस्टर यूनाइटेड से आगे सातवें स्थान पर है।**

प्रीमियर लीग की रिपोर्ट के अनुसार यह ब्राइटन के लिए लगातार दूसरा 0-0 का ड्रा था।

इसका मतलब है कि 2017/18 में अपने पहले प्रीमियर लीग सीज़न की शुरुआत के बाद से उन्होंने प्रतियोगिता में 25 गोलरहित ड्रा खेले हैं, जो किसी भी अन्य पक्ष से अधिक है।

कुछ स्पष्ट अवसरों में से पहले भाग में सबसे अच्छा मौका 12वें मिनट में ब्राइटन के हाथ लगा, लेकिन वॉल्व्स ने मजबूत डिफेंस दिखाया। हालांकि, ब्राइटन ने मैच पर 69.6 प्रतिशत कब्जे के साथ दबदबा बनाया, लेकिन उन्होंने भी अटैक करने के कई मौके गंवाए।

अंतिम 15 मिनट में वोल्व्स दोनों पक्षों में अधिक खतरनाक दिख रहे थे।

## टेस्ट सीरीज : विराट कोहली नहीं खेलेंगे 2 टेस्ट

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच 25 जनवरी से 5 मैच की टेस्ट सीरीज शुरू हो रही है। सीरीज शुरू होने से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है।दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली निजी कारणों से पहले 2 टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। अब भारतीय टीम को उनकी जगह मध्यक्रम में उनके जैसे ही एक शानदार बल्लेबाज की जरूरत है।ऐसे में आइए जानते हैं कौन-कौन खिलाड़ी उनकी जगह के लिए दावेदार हैं।




भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्हें इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मुकाबले के लिए इंडिया- ए की टीम में भी शामिल किया गया है।प्रथम श्रेणी क्रिकेट में इस खिलाड़ी के आंकड़े भी कमाल के हैं।उन्होंने 44 मैच की 65 पारियों में 57.57 की औसत से 3,109 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 7 शतक और 20 अर्धशतक निकले हैं। वह 11 बार नाबाद रहे हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 163 रन है। रजत पाटीदार ने भारत- ए के लिए खेलते हुए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले मुकाबले में शानदार शतक लगाया है। वह घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन भी करते आए हैं।

## आईसीसी की वनडे टीम ऑफ द ईयर में 6 भारतीय शामिल, रोहित शर्मा चुने गए कप्तान




नईदिल्ली। इंटरनेशल क्रिकेट काउंसिल ने 2023 की वनडे टीम ऑफ द ईयर चुनी है। दिलचस्प रूप से इस टीम में सर्वाधिक 6 भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली भी शामिल हैं।इस टीम का कप्तान रोहित को ही बनाया गया है। बता दें कि रोहित के नेतृत्व में बीते साल में भारत ने वनडे विश्व कप 2023 में कमाल किया था और टीम उपविजेता रही थी।

आईसीसी ने भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को बीते साल की सर्वश्रेष्ठ टीम में चुना है।विशेष रूप से इस टीम में चयनित हुए ज्यादातर खिलाड़ी वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में खेलते हुए नजर आए थे।वनडे टीम ऑफ द ईयर- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ट्रेविस हेड, विराट कोहली, डेरिल मिचेल, हेनरिक क्लासेन, मार्को येन्सन, एडम जैम्पा, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और मोहम्मद शमी।

## शेष प्रथम पृष्ठ का

***प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दिन भक्तों ...***

सभी को दर्शन मिलेगा। इसके लिए प्रशासन ने सभी व्यवस्था कर रखी है। सीएम के संबोधन को एड्रेस सिस्टम के माध्यम से बार-बार प्रसारित किया जाता रहा। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को भी प्रसारित किया गया। यह अपील उन्होंने महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास हुई जनसभा में देशवासियों से की थी। इसमें पीएम मोदी ने रामभक्तों से 22 जनवरी को अयोध्या न आने का आग्रह किया था।

***अमित जोगी ज्वॉइन कर सकते हैं...***

इस क्रम में पार्टी की कांग्रेस की विरासत पर भी नजर है। इसी रणनीति के तहत पार्टी ने केरल में कांग्रेसी दिग्गज एके एंटनी, पंजाब में पार्टी दिग्गज बलराम जाखड़ सहित कई दिग्गजों के नई पीढ़ी का भाजपा में प्रवेश कराया। इसी क्रम में अब पार्टी की निगाहें जेसीसीजे पर है।

***मुंबई में मीरा रोड पर हुए बवाल पर....***

रविवार रात 11 बजे शुरू हुई थी हिंसा- पुलिस - पुलिस उपायुक्त जयंत बाजबाले ने बताया कि हिंसा रविवार रात 11 बजे शुरू हुई, जब समुदाय के कुछ लोग तीन-चार वाहनों में नारे लगा रहे थे.उन्होंने समाचार एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, कुछ ही देर बाद दोनों समुदाय के कुछ लोगों के बीच बहस शुरू हो गई. हालात बिगड़ते देख पुलिस की गाड़ी तुरंत मौके पर पहुंची और कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया. बाजबले ने बाद में कहा कि स्थिति को नियंत्रण में ले लिया गया है और एक फ्लैग मार्च किया गया है.

***खनिज ब्लाकों की नीलामी के***

प्लेटिनम-ग्रुप आफ एलीमेंट व दो ग्रेफाइट खनिज ब्लाक शामिल है। ाज्य को होगी अतिरिक्त आय खनिज अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निकल-क्रोमियम-प्लेटिनम-ग्रुप आफ एलीमेंट खनिज ब्लाक का आंबटन करने वाला देश का पहला राज्य है। इसी प्रकार राज्य में प्रथम बार लौह अयस्क, बाक्साइड एवं ग्रेफाईट ब्लाक्स का आबंटन भी सफलतापूर्वक किया गया है। 20 खनिज ब्लाकों के सफल आबंटन से रायल्टी, डीएमएफ, एनएमईटी, पर्यावरण एवं अधोसंरचना उपकर के अतिरिक्त लगभग 43,700 करोड़ रुपये की आय बतौर प्रीमियम राज्य को होगी।

***गृह मंत्रालय का संसद की ...***

लोकसभा सचिवालय से मिलेगी मंजूरी- केंद्रीय औद्योगिकी सुरक्षा बल तैनाती योजना की अंतिम मंजूरी लोकसभा सचिवालय से मिलेगी। सीआईएसएफ के पास एक्सेस कंट्रोल और स्क्रीनिंग के सभी आधुनिक गैजेट्स है। उनकी अपनी अग्निशमन शाखा है, जो 114 प्रतिष्ठानों को सेवाएं प्रदान करती है। वर्तमान में ष्ट्ठढ्डस्स्न 68 एयरपोर्ट पर सुरक्षा कवर प्रदान कर रहा है। इसके अलावा सीआईएसएफ सरकारी भवनों, प्रतिष्ठित विरासत स्मारकों और दिल्ली मेट्रो की सुरक्षा करता है। उनके पास एक वीआईपी सुरक्षा इकाई भी है, जो वीआईपी लोगों को 24 घंटे सुरक्षा प्रदान करती है।

***बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित....***

आपको बता दें कि पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के दिव्य दरबार से सैकड़ों परिवारों का घर वापसी, भारतीय सैनिकों का सम्मान, और निर्धन कन्याओं का विवाह समिति के विख्यात पंडितों के द्वारा हिन्दू रीति-रिवाज वैदिक परंपरा अनुसार संपन्न कराया जाएगा।

***भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के अतुलनीय....***

कल्याण के विचार का और सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान का सम्मान है। इस निर्णय के लिए मैं राष्ट्रपति जी को धन्यवाद देता हूँ एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।÷ श्री शाह ने अपने पोस्ट में कहा है,÷बिहार की भूमि के वीर सपूत जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने देश की स्वतंत्रता से लेकर स्वतंत्रता के बाद तक, एक सर्वसमावेशी शासन-व्यवस्था बनाने के लिए लंबा संघर्ष किया। वे जीवनपर्यन्त पिछड़ों, दलितों, गरीबों और किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए समर्पित रहे। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार द्वारा कर्पूरी ठाकुर जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने का निर्णय उनके अथक संघर्षों को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस निर्णय से युवा पीढ़ी कर्पूरी बाबू के विशाल योगदान को जान पाएगी।

***असम सीएम के आदेश पर ...***

मंदिर की प्रबंध समिति ने भी कहा कि श्री गांधी को दोपहर 3 बजे से पहले प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। कांग्रेस नेता और उनके सहयोगियों को मंदिर की ओर जाते समय रोक दिया गया। इसके बाद वे सड़क जाम स्थल पर ही धरने पर बैठ गए थे।

**छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी ...**

मैदान में उतारा था। विधानसभा चुनाव में आप के सभी 53 उम्मीदवार भारी अंतर से हार गए। आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में दूसरी बार चुनाव लड़ा था। इस विधानसभा चुनाव में आप ने 53 सीटों पर चुनाव लड़ा और उसे 0.93 प्रतिशत वोट मिले। वहीं, 2018 के चुनाव में आप ने 85 सीटों पर चुनाव लड़ा था और उसे 0.87 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे।

## 80 मिनट में नोएडा एयरपोर्ट से दिल्ली एयरपोर्ट, NCRTC तैयार करेगा रैपिड रेल परियोजना की DPR; यमुना प्राधिकरण ने जारी की राशि

ग्रेटर नोएडा। गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा होकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए रैपिड रेल का संचालन होगा। एनसीआरटीसी को इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। यह कार्य करीब छह माह में पूरा होगा। यमुना प्राधिकरण ने डीपीआर तैयार करने के लिए 6.39 करोड़ रुपये धनराशि जारी कर दी है।



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को रैपिड रेल कनेक्टिविटी के लिए एनसीआरटीसी से व्यावहारिकता रिपोर्ट तैयार कराई गई थी। एनसीआरटीसी ने अपनी रिपोर्ट में गाजियाबाद (आरआरटीएस कॉरिडोर) से ग्रेटर नोएडा वेस्ट, सूरजपुर कासना रोड, होते हुए नोएडा एयरपोर्ट तक रैपिड रेल संचालन का सुझाव दिया था। इस कॉरिडोर को दो चरण में बनाने का सुझाव है। पहले चरण में गाजियाबाद से ईकोटेक छह तक व दूसरे चरण में ईकोटेक छह से एयरपोर्ट तक दूसरे चरण में इसे बनाने की योजना है। इस कॉरिडोर 12 स्टेशन होंगे। इस पर रैपिड रेल के साथ मेट्रो का भी संचालन हो सकेगा। मिट्टी की जांच शुरू हो चुकी है।

### 80 मिनट में दिल्ली से पहुंचेंग नोएडा एयरपोर्ट

नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एनसीआरटीसी) परियोजना रिपोर्ट तैयार करेगा। इस कॉरिडोर के जरिए आईजीआई एयरपोर्ट से नोएडा एयरपोर्ट तक 80 मिनट व गाजियाबाद से 50 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अक्टूबर 2024 में यात्री सेवाओं की शुरुआत हो जाएगी। एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी की योजनाओं का खाका तैयार किया जा रहा है। मेरठ, मोदीनगर, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा वेस्ट से नोएडा एयरपोर्ट से तीव्र गति से जुड़ने के लिए आरआरटीएस (रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम) परियोजना की तैयार की जा रही है। यह कॉरिडोर नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली व आईजीआई एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी देगा। सराय काले खां रेलवे स्टेशन से 70 मिनट में और मेरठ से 85 मिनट में यात्री नोएडा एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे। कॉरिडोर की लंबाई 72.2 किमी होगी, इसमें 25 स्टेशन होंगे। ब्लू लाइन व एक्वा लाइन मेट्रो को भी इससे जोड़ा जाएगा। आरआरटीएस और मेट्रो को समान ढांचे पर संचालित करने के लिए 14 मेट्रो स्टेशन जोड़े जा सकेंगे।

### 2031 तक तैयार होगा पहला चरण

कॉरिडोर का निर्माण दो चरणों में होगा। पहले चरण में गाजियाबाद से ईकोटेक 6 के बीच 37.15 किमी का कॉरिडोर 2031 तक बनकर तैयार होगा। दूसरा चरण ईकोटेक 6 से नोएडा एयरपोर्ट तक 35.11 किमी का कॉरिडोर बनेगा। यह 2041 तक पूरा होगा। रूट पर गाजियाबाद आरआरटीएस, गाजियाबाद साउथ, ग्रेटर नोएडा वेस्ट (सेक्टर 4), ग्रेटर नोएडा (सेक्टर 2), नालेज पार्क 5, सूरजपुर, परी चौक, इकोटेक-5, दनकौर, यीडा नार्थ (सेक्टर-18), यीडा सेंट्रल (सेक्टर-21, 35) और नोएडा एयरपोर्ट स्टेशन होंगे।

# धर्मनगरी में सम्पन्न हुआ तीन दिवसीय रामोत्सव का भव्य आयोजन



- सुप्रसिद्ध गायिका आरू साहू के भजन में झूमे राम भक्त
- रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर तीन दिनों तक भक्ति भाव में डूबे अंचलवासी
- पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि मंचस्थ रहे



डोंगरगढ़ (दावा)। मां बमलेश्वरी की पावन धरा पर श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री हनुमान भक्त युवा समिति के द्वारा तीन दिवसीय भव्य आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान रामभक्तों द्वारा भव्य बाइक रैली निकाली गई जिसका समापन जय स्तम्भ चौक से नगर भ्रमण कर महावीर मंदिर में किया गया।

हाईस्कूल मैदान पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। छोटे बच्चों के द्वारा राम लक्ष्मण जानकी हनुमान के स्वरूप में उपस्थित रहे व बच्चों द्वारा संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी, जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासी व ग्रामवासी एकजुट हुए व कार्यक्रम का आनंद लिया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में कोरियोग्राफर कामिनी शर्मा द्वारा बच्चों साथ की प्रस्तुति रही व यूनिक डांसर जोन कोरियोग्राफर रोशन यादव ऋतु सिंह के द्वारा बच्चों ने स्टेज परफॉर्मेंस दिया। लेजर शो के साथ अतिशबाजी कर रामोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन सम्पन्न हुआ। निखिल जैन द्वारा कार्यक्रम का सफल व सुंदर संचालन किया गया व साथ ही डोंगरगढ़ नगर साहू समाज द्वारा आरू साहू का स्वागत किया गया।

### भजन गायिका आरू साहू ने शमा बंधा

छत्तीसगढी लोक गायिका ओजस्वी आरू साहू के राम भजन में झूम उठे राम भक्त। तत्पश्चात गायिका आरू साहू ने राम भक्तों को राम रस में पूरी तरह डुबो दिया सारे रामभक्त राममय वातवरण में रम गये आरू व सिंगर दुर्गेश देवांगन ने देर रात्रि तक नगरवासियों को जोड़े रखा। प्रसिध्द बांसुरी वादक ओ.पी. देवांगन ने अरपा पैरी के धार राजकीय गीत से सब का मन मोह लिया।

### एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण प्राण प्रतिष्ठा समारोह का

समिति के आयोजनकर्ता हनी गुप्ता ने बताया की राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के सुबह महावीर मंदिर प्रांगण में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया गया। दोपहर 12 बजे से राम हनुमान जी की विशेष पूजन किया गया व संध्या 7 बजे महावीर मंदिर के घाट पर पंडित आशीष शुक्ला व पं.अमर तिवारी द्वारा मंत्रोच्चार के साथ रामलल्ला, गंगा आरती की गई समस्त नगरवासी भाव विभोर राममय होकर आनंद के पल के साक्षी बने।

### 21 हजार दीप प्रज्वलित किया गया प्रांगण में

ऐतिहासिक महावीर मंदिर स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में राम सीता जी की विशेष रंगोली भी आकर्षण का केंद्र रही। जिसे नगर की ईशिता नागतोडे व अनुजा काले के द्वारा बनाया गया। साथ ही 21 हजार दीप प्रज्वलित किया गया जिसमें मातृ शक्ति व युवा द्वारा दिप सजाया गया। आयोजन समिति को मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति का पूर्ण सहयोग मिला। लेजर शो अतिशबाजी के साथ रामोत्सव तीन दिवसीय आयोजन सम्पन्न हुआ मंच संचालन के रूप में निखिल जैन द्वारा कार्यक्रम का सफल व सुंदर संचालन किया गया व साथ ही डोंगरगढ़ नगर साहू समाज द्वारा आरू साहू का स्वागत किया गया।

### पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की उपस्थिति में हुआ भव्य आयोजन

कार्यक्रम की गरिमा उसे समय बढ़ गई जब क्षेत्र के पूर्व सांसद अभिषेक ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल विधायक डोंगरगढ़, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, न.पा अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, विश्वनाथ यादव, प्रकाश यादव, सुनील जैन, हरविंदर सिंह मंगे, तुलसी दास, गोपाल खेमका, प्रकाश चौरड़िया, मनोज अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, अमित जैन, राकेश अग्रवाल, अमित छाबड़ा, विवेक गुप्ता, नारायण अग्रवाल, संजय अग्रवाल, आलोक सोनी, नीरज चौरड़िया, नितिन शर्मा, रूबल, प्रिंस कक्कड़, अखिलेश गढ़ेवाल, सुमित मिश्रा, निशांत शर्मा, शिव निषाद, नवनीत तापड़िया, अक्षय चौरड़िया, हिमाशु गुप्ता, प्रशांत गभने, मोहित तराने, अविनाश पोद्दार, मनीष सोनी, तुसार अग्रवाल, कमल किशोर शर्मा, रजत देशपांडे, गोलू चौधरी, शुभम नामदेव बबली नामदेव, राजन सिंह, आशीष तराने व अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहकर सहयोग किया व समिति द्वारा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोगीयो का आभार व्यक्त किया गया।

# दो दिवसीय राम महोत्सव का ऐतिहासिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। सेवा परमोधर्म के स्वरूप को चरितार्थ करते हुए सेवा बस्ती (अटल आवास) वार्ड नंबर 20 भुर्वाटोला में भव्य श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर स्थानीय निवासियों एवं पाठदान केंद्र के भैया बहनों द्वारा दो दिवसीय राम महोत्सव का ऐतिहासिक कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्रांत की योजना से चलने वाले इस कार्यक्रम को दिव्यता प्रदान करने के लिए 5 जनवरी से 22 जनवरी तक शीतला मंदिर से प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली गई। कार्यक्रम को दिव्यता प्रदान करते हुए महाआरती तथा प्रसादी वितरण के कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुषों एवं बच्चों ने भाग लिया।

दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सेवा बस्ती एवं पाठदान केंद्र की संयोजिका बहन अनुराधा शर्मा एवं अन्य सदस्यों द्वारा दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, फैंसी ड्रेस एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र के बच्चों ने बढ़कर हिस्सा लिया। समापन कार्यक्रम के शुभ अवसर पर प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार के रूप में प्रतीक चिन्ह

**सामाजिक जागरण का केंद्र बनाने, सेवा बस्ती को लिया गया गोद**

मेडल एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण मुख्य अतिथि विश्वनाथ यादव नगर संघ चालक आर.एस.एस एवं उमा महेश वर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष, अध्यक्षता अनिल पांडेय खंडसंयोजक राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं विशिष्ट अतिथि जागेश्वर निषाद, अनिल श्रीवास्तव, गणेश वर्मा, वार्ड के सुधीर मरकाम, श्रेया रानी एवं ऋषि मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी चंचल यादव (पाठदान शिक्षिका) एवं श्रीमति रानी मरकाम ने किया। साथ ही अंचल राजपूत ने विशेष रूप से डेकोरेशन पर सहयोग दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांत के सह सेवा प्रमुख अनिल श्रीवास्तव पूरे समय उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनिल पांडेय ने इस कार्यक्रम को सामाजिक जागरण का केंद्र बनाने की दृष्टि से सेवा बस्ती को गोद लिया गया। बहन अनुराधा शर्मा ने बताया कि जब से यह पाठदान प्रारंभ हुआ है, यहां का वातावरण सामाजिक धार्मिक समरसता एवं शैक्षणिक गतिविधियों तथा संस्कार जागरण की दृष्टि का केंद्र बना हुआ है। इस कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः धीरज पटेल, सजल यादव, धानी मरकाम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को गति एवं सहयोग अशोक यादव, दुर्गेश यादव, दीपक देवांगन, रवि बहकर, करण, चेतन, भारती, श्रीमती वर्षा यादव, जानकी महोबिया, वंशिका कंवर, पूर्णिमा, शांति, संतोषी, गायत्री भारती, रानी, पूजा, हितेश्वरी, गीतांजलि, प्रिया, सकून, पूर्णिमा, गौतरहीन, चमारीन, सुनील, प्रीति मरकाम, अनिल यादव, कार्तिक मांडवी, शेष धुर्वे आदि ने प्रदान किया।

# जोंधरा मानसगान प्रतियोगिता में भरूआडीह प्रथम

**राजेश मेश्राम**



जोंधरा (दावा)। धर्मशास्त्रों में झूठ का कोई स्थान नही है हर धर्मग्रंथ हमें सच्चाई के मार्ग पर ही चलने की प्रेरणा देता है और ना ही धर्मग्रंथ हमें हिंसा सिखाता है। हर धर्म ग्रंथ में अहिंसा का पाठ पढ़ने को मिलता है, धर्मग्रंथ हमें जीने की प्रेरणा प्रदान करते है। रामचरित मानस एक अतुलनीय ग्रंथ है जिसमें जीवन के सभी ग्रामों को समाहित किया गया है। यह एक ऐसा धर्मग्रंथ है जिसका मानव थोड़ा सा भी अपने जीवन में आत्मसात कर ले तो अपने जीवन को धरती में रहकर स्वर्ग बना सकता है। उक्ताशय के उद्गार ग्राम जोंधरा में आयोजित दो दिवसीय मानस गायन प्रतियोगिता में उद्घाटन अवसर पर पहुंचे मुख्य अतिथि खुज्जी विधानसभा के विधायक भोलाराम साहू ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है, भारत राज्य का अपना कोई राजधर्म नही है हर धर्म के लोगों को अपने ईष्ट देव को मानने का पूरा हक है ईश्वर एक अहसास है आत्मानुभूति है ये किसी के कहने पर नही अपितु स्वयं के एकसास से पूरित होती है, उन्होंने उपस्थित श्रोताओं से रामचरित मानस को अपने जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया व अध्यक्षता कर रहे ग्राम पंचायत के सरपंच

**धर्मशास्त्रों में भूल का स्थान नहीं - भोलाराम साहू**

सुरेन्द्र मेश्राम ने कहा कि धर्म का प्रदर्शन नही किया जाना चाहिए धर्म तो हमारी आस्था है। ईश्वर को किसी ने देखा नही है पर हम सब मानते है कि ईश्वर कही न कही तो है जब इतने सारे धर्म ग्रंथों में ईश्वर का उल्लेख है तो सत्य है कहीं न कहीं ईश्वर है बस हमें आत्मानुभूति की जरूरत है।

उन्होंने भी ग्रामीणों से रामचरितमानस में बताये गये आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। इसके पूर्व नवजागृति मानस परिवार समिति के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि एंव मंचस्थ अतिथियों का पुष्पाहार एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया । प्रतियोगिता में महिला वर्ग में भरूआडीह कला प्रथम,, ग्राम कोलियारी द्वितीय एवं तुलसी के पूजा बालिका मानस मण्डली धमतरी तृतीय व नव तुलसी के फुल महिला मानस परिवार हाराडुला ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरूष वर्ग में जय मां खल्लारी मानस परिवार चिरपोटी प्रथम, डालेश्वरी मानस परिवार नरतोरी द्वितीय, नवदुर्गा रामायण समिति आमगांव तृतीय, श्रद्धासुमन मानस परिवार करमापटपर चतुर्थ, श्रद्धा भक्ति मानस परिवार नवापारा राजिम पांचवा एवं पंचमुखी मानस परिवार मल्हे छठवें स्थान पर रही। आयोजन को सफ्ल बनाने में ग्रामवासियों के साथ-साथ नवजागृति मानस परिवार के सदस्य सम्पतलाल बनपेला, अयुब खां, अपुक खॉ, फ गवाराम साहू, भुवनेश्वर दमगरे, बंशीराम साहू, मानदास सिन्हा, क्षत्रीकुमार ध्रुव, पुनीतराम निषाद, माधोसिंह उके, विशेष राम सिन्हा, लल्लूराम कौशिक, ग्राम पटेल ह्रदयराम चंद्रवंशी आदि का योगदान अंत्यन्त सराहनीय रहा।

# पंकज महाराज की आध्यात्मिक वैचारिक जनजागरण यात्रा पहुंची रामाटोला

**डोंगरगढ़ (दावा)। पूज्य पंकज जी महाराज रा. अध्यक्ष जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा शासकीय पूर्व माध्यमिकशाला रामाटोला के प्रांगण में अपनी 82 दिवसीय शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक वैचारिक जनजागरण यात्रा के अन्तर्गत यहाँ पधारकर रात्रि पड़ाव किया। अपरान्ह 12.30 बजे सत्संग मंच से श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुये कहा चौरासी लाख योनियों में मानव सर्वश्रेष्ठ है। जन्म-जन्मान्तरों के पुण्य कर्मो व परमात्मा की कृपा से आप को यह अनमोल मानव तन मिल गया। पैदा होने से पहले सबने यह वादा किया था कि हे प्रभु! अबकी बार हमें मानव तन दे दीजिये, हम आप का भजन, भक्ति करेंगे। लेकिन मन, चित्त, बुद्धि जो अजार आपको मिले उससे जब हम बड़े हुये तो दुनियाँ की शानो-शौकत में प्रभु से किया गया भजन-भक्ति का वादा भूल गये और जब मृत्यु का समय आया तो जीव टकटकी लगाकर सहायता की कामना करता है उस समय कोई सहायता नहीं करता।**

अब पछताये होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत यानि श्वांसों की पूंजी समाप्त हो गई। इसलिये समय रहते हुये आप सभी मेहनत-ईमानदारी से





अपनी रोजी-रोटी कमाने और बाल-बच्चों का पालन पोषण करते हुये थोड़ा सा समय आत्म कल्याण के लिये भी निकाले जिसके लिये यह अनमोल मानव तन मिला है। यदि यह काम आपने न किया तो जीवन व्यर्थ चला जायेगा। हमारे गुरु महाराज बाबा जयगुरुदेव ने आवाज लगाई थी कि इस मानव रूपी मन्दिर में बैठकर परमात्मा की भक्ति करलें, इस जिस्मानी मस्जिद में बैठक खुदा की इबादत कर लें ताकि आप की आत्मा/रूह नर्कों/दोजखों में जाने से बच जाये।

उन्होंने कहा यह कलियुग है अन्य युगों की अपेक्षा इसमें मानव की आयु घट गई, अन्न में प्राण चला आया, मन की चंचलता बढ़ गई। इसलिये प्रभु ने दया करके सन्तों को भेजा, उन्होंने सुरत-शब्द योग (नाम योग) का रास्ता जारी किया। महापुरुषों ने प्रभु प्राप्ति की साधना के लिये तीन क्रियायें बताया पहला-सुमिरन जिसके अन्तर्गत प्रभु के नाम का मौन जाप, दूसरा-ध्यान जिसके अन्तर्गत मन को एकाग्र करना, तीसरा-भजन जिसके अन्तर्गत आंख, कान बन्द करके प्रभु के देश से आने वाली आकाशवाणी को सुनना। इसी शब्द (नाम) पर जीवात्मायें उतार कर लाई गई। इसी साधना के द्वारा सुरत (आत्मा) शब्द को पकड़कर अपने अजर-अमर देश सतलोक पहुँच जायेगी। महाराज जी ने समाज में बढ़ती हिंसा और अपराध की प्रवृत्ति के लिये मांसाहार व शराब जैसे घातक नशों का सेवन बताया। उन्होंने चेतावनी भरे शब्दों में कहा यदि आपने खान-पान को न बदला तो भविष्य में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने चरित्र को मानव की सबसे बड़ी पूँजी बताया। अपने दो घण्टे के प्रवचन में परस्पर प्रेम, सद्भाव से रहने, एक-दूसरे की निःस्वार्थ भाव से सेवा रकने तथा अहिंसा परमोधर्मः का संदेश दिया।

उन्होंने आगामी 24 से 26 मार्च तक जयगुरुदेव आश्रम, मथुरा में आयोजित होने वाले होली सत्संग में आने का निमन्त्रण दिया तथा बताया कि मथुरा में वरदानी जयगुरुदेव मन्दिर बना है जहाँ बुराइयाँ चढ़ाने पर मनोकामना की पूर्ति होती है। जिला इटावा में तहसील भरथना के गाँव खितौरा धाम में बाबा जी की पावन जन्मभूमि है यहाँ पर भी भव्य वरदानी मन्दिर बना है। यहाँ सभी सम्प्रदायों के लोग आते हैं। आप सबने हमको अपना कीमती समय दिया इसके लिये आप सभी को बहुत-बहुत साधुवाद।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. कमल सिंह पटेल, प्रभारी जसवन्त प्रसाद चौरसिया, जिलाध्यक्ष बगरूराम तुमरेली, दुकालू वर्मा, द्वारका सेन, यादुराम चन्द्रवंशी, काशीराम पटेल, भानुप्रताप साहू, चितरेखा मांडवी सरपंच रामाटोला, सोमेश्वर वर्मा आदि मौजूद रहे। सत्संग समापन के बाद जनजागरण यात्रा अपने अगले पड़ाव ग्राम रूदगाँव के लिये प्रस्थान कर गई। यहाँ आज दोप. 12.00 बजे से सत्संग समारोह आयोजित किया गया है।

# रघुनाथ मय हुआ डोंगरगाँव, देर रात्रि तक हुए विभिन्न आयोजन



डोंगरगांव (दावा)। अयोध्या के नये मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को पूरा सनातन समाज रघुनाथ मय रहा, क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों सहित डोंगरगांव शहर के विभिन्न मंदिरों और चौक चौराहों में प्रभु के प्राण प्रतिष्ठा से पहले और बाद तक विभिन्न धार्मिक आयोजन और भंडारा व भोजन प्रसादी दिनभर जारी रहा। सभी ने अपने-अपने तरीके से और अपने घरों में रघुनंदन के प्राण प्रतिष्ठा के महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया। शहर के सभी मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजन, दीप प्रज्ज्वलित, हनुमान चालीसा, रामायण पाठ, सुंदरकांड सहित प्रभु श्रीराम व रामायण से जुड़े झांकियों के रूप में तैयार बच्चों में भी खासा उत्साह देखने मिला। पटाखे और सभी घरों में प्रज्जवलित दीप 22 जनवरी के इस अवसर को दीपावली त्यौहार सा माहौल बना दिया था।

# खाड़ी में बने सिस्टम से बादल बरसकर किया श्रीराम भक्तों का पवित्री करण

राजनांदगांव (दावा)। पिछले कुछ दिनों से मौसम में उलट-फेर का दौर जारी है। इसकी वजह बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम को बताया जा रहा है। खाड़ी से प्रचूर मात्रा में नमी आने के कारण रविवार की सुबह शहर सहित कई हिस्सों में बारिश हुई।

इसके पूर्व शनिवार की शाम भी छिटपुट बूंदाबांदी की स्थिति बनी रही। इससे अयोध्या में हो रहे श्री राम लला प्राण-प्रतिष्ठा के भव्य एवं दिव्य महोत्सव के रंग में भंग पड़ने की चिंता लोगों में बढ़ गई थी। लेकिन श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के एक दिन पहले रविवार की सुबह हुई बूंदाबांदी से

***बदली-बारिश के साथ घने कोहरे के बने हुए है आसार***

लेकर बारिश के थोड़ी देर बाद रूक जाने व आसमान से बादल के पूरी तरह गायब हो जाने से श्रीराम भक्तों ने समझ लिया कि उनके आराध्य भगवान श्री राम ने उनका पवित्रीकरण करने बादलों के माध्यम से जल का छिडक़ाव किया है। इसके बाद तो भले ही आसमान में हल्के-फुक्के बादल मंडराते देखे गए लेकिन भगवान श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन तक बारिश छू-मंतर रही ।

### 0 मध्य क्षेत्र में बारिश के आसार

हालांकि मौसम विभाग सुबह और रात में घने कोहरे बने रहने के आसार बताए है लेकिन सोमवार की सुबह से देर शाम रात तक आसमान में बादलों की छटा रही। हल्की-फुल्की बदलियां आसमान में इधर-उधर तैरती रही लेकिन कही भी छिटपूट बूंदाबांदी से लेकर बारिश पानी की स्थिति निर्मित नहीं हुई। हालांकि मौसम में नमी जरूर बनी हुई है। तापमान का पारा थोड़ी नीचे जरूर गया हुआ है। इससे ठंड की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञानी श्री चन्द्रा ने बताया कि प्रदेश के मध्य क्षेत्र में बारिश हो सकती है। इसकी वजह उन्होंने एक द्रोणिका हवा का कान्फ्लुएंस बनना बताया तथा कहा कि दक्षिण की ओर से नमी युक्त गरम हवा व उत्तर की ओर से ठंडी युक्त हवा के आने से दोनों का मिलन होने को कान्फ्लुएंस जोन बना है। इससे तापमान का पारा स्थिर बना रहा है। हल्की-फुल्की ठंड की स्थिति बनी रहेगी।

# खड़े टैंकर से टकराई सवारियों से भरी बस, कोई हताहत नहीं



डोंगरगांव (दावा)। नगर से लगे ग्राम आरी चौक में हुए एक सड़क हादसे में बस का विंडशील्ड पूरी तरीके से टूट गया, इस घटना में किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई है। बता दें की मंगलवार 23 जनवरी के दोपहर करीब ढाई बजे राजनांदगांव की ओर से आ रहा कांकेर रोडवेज की बस आरी चौक के पास खड़ी टैंकर से टकरा गया, जिसके चलते यात्री बस के सामने का विंडशील्ड और बोनट क्षतिग्रस्त हो गया। बता दें कि इस दौरान इस यात्री बस में सवारी मौजूद थी और राहत की बात है कि इस गंभीर दुर्घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई है, हालांकि बस में सवारी यात्री डरे हुए थे और अपने आपको सुरक्षित पाकर राहत की सांस ली। बस में मौजूद यात्रियों ने बताया कि बस अपने साइड से डोंगरगांव की ओर जा रहा था और आरी चौक से आगे खड़े कत्थे कलर के एक टेंकर से जा भिड़ा।

# कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय के बेस्ट प्रैक्टिस सेल द्वारा कार्यशाला




राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय के बेस्ट प्रैक्टिस सेल द्वारा हेपेटाइटस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को हेपेटाइटस बी जो कि दुनिया में सबसे आम और सबसे गंभीर जिगर संक्रमण है उसके बारे में जानकारी प्रदान करना हैं।

इस कार्यशाला के विषय विशेषज्ञ डॉ. बी.एल. तुलावी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, राजनांदगांव से उपस्थित थे। उन्होंने अपने इस कार्यशाला में बताया की हेपेटाइटस आम बीमारी हैं और इसका कारण होता है हेपेटाइनटस बी वायरस (हे.बी.वी), जो कि जिगर की कोशिकाओं पर हमला करता है और इसकी वजह से जिगर नवफल हो सकता है या नसरोनसस या जिगर में कैंसर हो सकता है। वायरस रक्त के साथ और रक्त युक्त शारीरिक तरल पदार्थ के साथ संपर्क होने के माध्यम से फैलता है। ऐसा होता है प्रत्यक्ष निवेश या असुरक्षित यौन संबंध या गंदी या अनस्टेरिल सुई के उपयोग से या फिर एक संक्रमित महिला से उसके नवजात शिशु को उसके जन्म के दौरान हो सकता है।

साथ ही उन्होंने बताया की लगभग 5-10त्न वयस्कों को, 30-50त्न बच्चों को और 90त्न शिशुओं को इस वायरस से छूटकारा नहीं मिलेगा और वे पुराने संक्रमण से ग्रस्त हो सकते हैं। लंबे समय से संक्रमत लोग दूसरों को वायरस पारित कर सकते हैं और उन्हें खतरा है बाद में जीवन में गंभीर बीमारी होने का। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा कहा गया की हेपेटाइटस बी एक ऐसी जिगर संक्रमण बिमारी है जो दुनियाभर में फैला हुआ और इस बीमारी को एक सुरक्षित और प्रभावी टिके के साथ रोका जा सकता हैं क्रोनिक हैपेटाइटिस बी से पीड़ित लोगों के लिए भी प्रभावी उपचार उपलब्ध हैं इस कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण और छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

